# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com | भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024



## विकास होगा निरंतर
## विंध्य को बनायेंगे और बेहतर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा

# ₹ 320 करोड़ लागत के
# विकास कार्यों का
## भूमिपूजन एवं लोकार्पण
तथा
# हितग्राहियों को हितलाभ वितरण
एवं
# रीवा संभागीय समीक्षा बैठक

**5 जनवरी, 2024 । दोपहर 12:00 बजे । एनसीसी ग्राउंड, रीवा**



भारत की पहली एक्वाडक्ट 'रीवा-सीधी 6 लेन टनल'

"हमारा विंध्य क्षेत्र प्रदेश की शान है, इसका सतत विकास हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। शीघ्र ही विंध्य विकास बोर्ड की स्थापना की जायेगी। हम मिलकर विंध्य में विकास के नए कार्य करेंगे। इस क्षेत्र की बेहतरी प्रदेश के विकास को अधिक गति प्रदान करेगी।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

D-11163/23

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

# कंपकंपाती ठंड में कांपा भोपाल

## कोहरे ने रोका विमानों का रास्ता, दिल्ली-जयपुर उड़ान कैंसिल, कई लेट आईं



**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानों का लेट आना कैंसिल होना पिछले कई दिनों से जारी है। मौसम ख़राबी और घने कोहरे के कारण कई उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। सेक्टर आप्रेशन रीज़न भी है। इसके चलते आज गुरुवार को इंडिगो की दिल्ली और जयपुर उड़ान को निरस्त किया गया, जबकि हैदराबाद रायपुर मुंबई सहित कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से एक से लेकर चार घंटे तक देरी से भोपाल पहुंची। उड़ान लेट होने यात्री परेशान हो रहे हैं।

## परिंदों की परवाज पर सर्दी का पहरा, घोंसले में दुबके रहे पक्षी रुक-रुककर दिनभर चला सर्द हवाओं के बीच बौछारों का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में सर्दी ने पंख क्या फैलाए कि परिंदों की परवाज घोंसले तक ही सिमट कर रह गई। दिन में बारिश, सर्द हवाओं और धुंध के बीच परिंदों ने भी उड़ान भरने में कंजूसी दिखाई। नतीजा यह रहा कि पक्षियों की उड़ान पर सर्दी ने पहरा बैठा दिया। पूरे दिन ज्यादातर पक्षी घोंसले के अंदर रहे और जरूरी खाने पीने के लिए ही बाहर का रास्ता नापा। इस बीच दिनभर रुक रुककर बारिश का दौर चलता रहा। बौछारों और ठंडी हवाओं के दौर ने शहर की फिजा की रंगत बदल दी। सर्द मौसम में शाम करीब 7 बजे तेज बारिश ने लोगों के मन में सिरहन पैदा कर दी। ऊटी, मसूरी सी महससू होने वाली राजधानी पूरे दिन सर्द मौसम से लबरेज रही। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार सुबह से शाम 5:30 बजे तक कुल 9 घंटों में 8 मिमी बारिश हुई, जबकि 24 घंटे में कुल 9 मिमी बारिश दर्ज हुई है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार जनवरी में औसत बारिश 11.3 मिमी होती है। इससे पूरी उम्मीद है कि शुक्रवार तक शहर में सामान्य औसत बारिश का रिकार्ड टूट जाएगा।

*सर्द हवा के बीच शाम 5:30 बजे तक कुल 9 मिमी से ज्यादा बारिश, फिर शाम करीब 7 बजे से हुई तेज बारिश*

*राजधानी में आज टूट सकता है महीने की औसत बारिश का रिकार्ड, जनवरी में होती है यहां 11.3 मिमी औसत वर्षा*

बीते दो रोज से राजधानी कोहरे की गिरफ्त में है। बुधवार को जहां दोपहर 12 बजे तक विजिबिलिटी 50 मीटर थी तो गुरुवार को दिनभर ही यह शून्य रही। दोपहर करीब 12:30 बजे जब हमारे फोटोग्राफर रविंद्र सिंह ने लाल घाटी से मनुआभान टेकरी का फोटो खींचा तो वह नजर ही नहीं आई।



## सचखंड एक्सप्रेस पौने 27 घंटे, राजधानी 6 घंटे की देरी से भोपाल पहुंची

उत्तर भारत में इन दिनों कोहरा पड़ रहा है। गुरुवार को भोपाल आने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनें 45 मिनट से पौने 27 घंटे तक देर से आईं। जिसमें हाईस्पीड ट्रेनों में शुमार राजधानी एक्सप्रेस 6 घंटे की देरी से आई, तो वहीं शताब्दी एक्सप्रेस पौने 2 घंटे की देरी पहुंची।

**यह ट्रेनें आईं देरी से**

- 22222 मुंबई राजधानी 6 घंटे
- 12716 सचखंड एक्सप्रेस 26 : 41 घंटे लेट चल रही है। जोकि 5 जनवरी को भोपाल पहुंचेगी।
- 12650 संपर्क कांति 2 घंटे लेट
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 6 :30 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 2 .50 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्सप्रेस 5 :41 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 4 :15 घंटे लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 1:48 घंटे लेट आई
- 12626 केरला एक्सप्रेस 12 .20 मिनट देरी से आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 3 .25 घंटे लेट आई
- 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस 5 :10 घंटे लेट आई
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 7 : 50 घंटे लेट आई
- 12618 मंगला लक्ष्यदीप एक्सप्रेस 2 :10 घंटे लेट आई

---

**खबर संक्षेप**

### एम्स डायरेक्टर ने किया नेस्कैफे कियोस्क शुरू



**भोपाल।** राजधानी के एम्स में डॉक्टरों और मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में नेस्कैफे किऑस्क का उद्घाटन किया गया। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने नेस्कैफे किऑस्क का उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे यहां काम करने वाले डॉक्टर, मरीज और उनके रिश्तेदारों को स्नैक्स, चाय, कॉफी इत्यादि की सुविधा मिल सकेगी और उन्हें अस्पताल परिसर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस दौरान डॉ सिंह ने साफ-सफाई का भी मुआयना कर कियोस्क संचालक को खाद्य एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा।

### 4 दिन निरस्त रहेगी डॉ.आंबेडकर नगर से यशवंतपुर एक्सप्रेस

**भोपाल।** दक्षिण पश्चिम रेलवे, बेंगलुरु मण्डल में लाइन एवं पॉवर ब्लाक लिए जाने के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली 19301 डॉ. आंबेडकर नगर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 7, 14, 21, और 28 जनवरी को तथा 19302 यशवंतपुर- डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस 9,16, 23, 30 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यात्रियों को परेशानी न हो इसलिए रेलवे ने यह पूर्व सूचना जारी की है।

जूनियर डॉक्टर बाला सरस्वती सुसाइड मामले में डॉ. अरूणा कुमार पर हैं गंभीर आरोप

## डॉ. अरुणा कुमार की जीएमसी में वापसी, गायनिक की एचओडी बनाई गईं, विरोध में जूडॉ आज से हड़ताल पर

*डॉ. कुमार को 5 अगस्त 2023 को हटाया गया था गायनिक विभाग के प्रमुख पद से*

*जूनियर डॉक्टरों ने प्रबंधन को अपना निर्णय बदलने दिया था गुरुवार 8 बजे तक का समय*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया अस्पताल की जूनियर डॉक्टर रही बाला सरस्वती सुसाइड मामले में आरोपी रहीं डॉक्टर अरुणा कुमार की गांधी मेडिकल कॉलेज में वापसी होने से जूनियर डॉक्टर विरोध में आ गए हैं और शुक्रवार से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। जूनियर डॉक्टर प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता ने बताया कि हमने डीन के अलावा अन्य हायर अथॉरिटी को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि जूनियर डॉक्टरों ने गुरुवार रात 8 बजे तक का समय आदेश वापस लेने दिया था। किंतु कोई आदेश न आने के कारण उन्होंने गुरुवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। बतादें कि स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. अरूणा कुमार को गायनिक विभाग का एचओडी बनाया गया है। दरअसल, डॉ. कुमार को बाला सरस्वती सुसाइड मामले में 5 अगस्त 2023 को हटाया गया था।



### 5 अगस्त को खत्म हुई थी हड़ताल

डॉक्टर बाला सरस्वती सुसाइड केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 31 जुलाई 2023 से ही हड़ताल पर थे। 5 अगस्त 2023 को तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने जूनियर डॉक्टरों के साथ चर्चा की। उन्होंने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की थी। यह डॉक्टर्स गांधी मेडिकल कॉलेज की गायनिकोलॉजी डिपार्टमेंट की प्रोफेसर डॉ. अरुणा कुमार को हटाने की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे थे, जिसके बाद शासन ने उन्हें डीएमई अटैच किया गया था।

### कमिश्नर को दी है सूचना

इस मामले में हमने गवर्मेंट को सूचित किया है। कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन को इस संबंध में सूचना दी गई है। उन्हें बताया गया है कि जूनियर डॉक्टर्स हड़ताल पर जाने की बात कर रहे हैं। वहां से जवाब आने पर मैं कुछ कह पाऊंगा।

**डॉ. सलिल भार्गव,** डीन, जीएमसी

640 लोकेशन्स पर बढ़ी खरीद-फरोख्त

## पचास लाख से अधिक रेट वाली प्रॉपर्टी के सौदे बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में एक अप्रैल से लागू होने वाली नई कलेक्टर गाइडलाइन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में 640 लोकेशनों पर वर्तमान गाइडलाइन से अधिक पर सौदे हुए हैं। इस बार लोगों के घर खरीद की कैपेसिटी बढ़ने से 50 लाख से ऊपर के सौदे बढ़ गए हैं। इस बार फार्म हाउस कल्चर भी बढ़ा है, जिससे फार्म हाउस वाली लोकेशन पर भी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

उप जिला मूल्यांकन की पहली बैठक में इन लोकेशनों को रखा जाएगा। आरआई-पटवारी इन लोकेशनों की पड़ताल करेंगे।

### कवर्ड कैंपस कॉलोनियां शामिल, सुविधाएं नहीं

वर्ष 2023-24 की कलेक्टर गाइडलाइन में कवर्ड कैंपस कॉलोनियों में जमीनों के रेट दस फीसदी तक बढ़ा दिए थे। इस बार भी नर्मदापुरम रोड, कोलार रोड, अवधपुरी, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, नीलबड़, रातीबड़ की कवर्ड कैंपस कॉलोनियों में फ्लैट और डूपलेक्स के अच्छे सौदे हुए हैं। ऐसे में पंजीयन विभाग के अफसर यहां रेट बढ़ा सकते हैं। प्रक्रिया में इन कॉलोनियों की रजिस्ट्री को अलग से सूची बद्ध किया है। पहले ही नर्मदापुरम रोड की 80 और कोलार रोड की 28 कॉलोनियों में दस फीसदी वृद्धि की है, लेकिन यहां सुविधाएं आज भी कुछ नहीं हैं।

नगर निगम ने बिल्डिंग परमिशन दी, फिर भी अवैध

## एक दर्जन कॉलोनियों की 21 मल्टी और 17 मकानों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे का सीमांकन पूरा होने के बाद नगर निगम ने एक दर्जन कॉलोनियों की 21 मल्टी और 17 मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं, जिसमें सात दिन में घर खाली करने की मोहलत दी गई है। जिससे इन कॉलोनियों के रहवासियों में दहशत है। इनका कहना है कि निर्माण के समय परमिशन दी गई थी, अब अवैध कैसे हो सकता है। जेके ब्रिज के पास एक टाउनशिप बन रही है, जब टीम ने उसका सीमांकन किया तो उसका गेट और आगे के कुछ डुप्लेक्स उसकी जद में हैं। दामखेड़ा पुल से सनखेड़ी, बंजारी, जेके ब्रिज और सागर प्रीमियम तक कई मकान अवैध बताए जा रहे हैं। यहां 21 मल्टी, 17 मकान, दो धार्मिक स्थल और 60 से ज्यादा छोटे बड़े अवैध निर्माण अवध मिले हैं।



अपने घर बचाने लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### यहां भी मिले कब्जे

- सर्वधर्म पुल के पास राजस्व नक्शे में पुल की चौड़ाई करीब 50 मीटर है। मौके पर 25 मीटर ही शेष है।
- सर्वधर्म ए-बी-सी-डी सेक्टर में ज्यादा अतिक्रमण है, 17 मल्टी, 90 से ज्यादा झुग्गी, 45 मकान, एक धार्मिक स्थल भी दायरे में है।
- जेके से सलैया तक ही मेडिकल कॉलेज की दो इमारत, आकृति ईको सिटी रिट्रीट कॉलोनी के कुछ मकान और एक अफसर की कुछ जमीन अतिक्रमण की जद में है।
- सिग्नेचर-99 के 80 लोगों को नोटिस थमाए, सात दिन की मोहलत
- भूमिका रेसीडेंसी, अल्टीमेट कैम्पस समेत आसपास की कॉलोनी भी जद में हैं।

हमीदिया को प्रमाण-पत्र दिलाने की तैयारी

## एनएबीएच टीम ने ओपीडी मरीजों से लिया फीडबैक

एनएबीएच की टीम ने इमरजेंसी, मेडिसिन, ओटी और रेडियोलॉजी विभाग सहित अन्य व्यवस्थाओं की तारीफ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल हमीदिया में एनएबीएच (नेशनल एक्रीडिएशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स) की पांच सदस्यीय टीम ने गुरुवार को पूरे परिसर का निरीक्षण किया। टीम ने सबसे पहले ओपीडी की व्यवस्थाएं देखी। इसके बाद इमरजेंसी मेडिसिन और फिर रेडियोलॉजी विभाग में जाकर मरीजों से फीडबैक लिया। टीम के सदस्यों ने इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की। वहीं डॉक्यूमेंटेशन में सुधार की गुंजाइश है। बता दें कि अस्पताल प्रबंधन ने एनएबीएच सर्टिफिकेट लेने बीते दिनों एमओयू साइन कर लिया है। ऐसे में मरीज की देखभाल, सुरक्षा, सुविधाओं की पूर्ति और जिम्मेदारी लेने जैसी व्यवस्थाओं को और दुरुस्त किया जाना था, लेकिन मरीजों के परिजनों के लिए यहां खाने तक की व्यवस्था नहीं है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन फिलहाल अपने डाक्यूमेंटेशन को और अधिक मजबूत करने का दावा कर रहा है।

### कोरोना: 37 लोगों की जांच में एक की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**भोपाल।** कोरोना का लगातार दूसरे दिन केस सामने आया है। बुधवार को 37 लोगों की आरटीपीसीआर जांच की गई, जिसमें एक नया मामला आया है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मरीज में कोई गंभीर लक्षण नहीं है। साथ ही व्यक्ति ने वैक्सीन लगवाई थी। ऐसे में उसे होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है। वहीं 3 मरीज स्वस्थ भी हुए। जिसके साथ एक्टिव मरीजों की संख्या 5 से घटकर 3 हो गई। कोरोना के सभी एक्टिव मरीज सामान्य हैं।

### एनएबीएच का प्रमाण-पत्र दिलाने का पहली बार प्रयास

प्रदेश के सभी 14 सरकारी मेडिकल कालेजों से संबद्ध अस्पतालों को एनएबीएच का प्रमाण पत्र दिलाने का पहली बार प्रयास हो रहा है, जिसमें भोपाल का गांधी मेडिकल कालेज का अस्पताल भी शामिल है। यह प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए अस्पतालों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना होगा। साथ ही प्रमाण पत्र मिलने के बाद भी सेवाएं बेहतर रखनी होंगी।

---

बाघ भ्रमण क्षेत्र के फार्म हाउस में व्यावसायिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम रोकने पर्यावरणविद ने कलेक्टर से की शिकायत

## 13 शटर के पास एक घंटे डरा-सहमा बैठा रहा बाघ...पीछे चल रहा था तेज आवाज में डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित ग्राम चंदनपुरा में गुरुवार को दोपहर बाद करीब 3:30 बजे एक बाघ मुख्य मार्ग से सटे जंगल में दिखा। यह करीब एक घंटे तक डरा सहमा सा इसी स्थान के आसपास बैठा रहा। दरअसल, इसकी वजह थी ठीक उसके पीछे चल रही शादी की पार्टी में जोरों से बज रहा डीजे।

पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने कलेक्टर भोपाल को इसकी ऑनलाइन शिकायत की है, जिसमें उन्होंने वन क्षेत्र में निर्माण कर चल रहीं पार्टी की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि निजी भूमि मालिकों द्वारा फार्म हाउस विकसित किए गए हैं।

*तेज़ आवाज में बज रहे डीजे का जब पर्यावरणविद राशिद ने पता लगाया तो पता चला कि यहां किसी की बारात आई है...*



### बाघ मूवमेंट के कारण लगाई जा चुकी है धारा 144


राशिद नूर खान ने बताया कि गुरुवार को 13 शटर के पास नीम वाले गेट के पास एक बाघ को डरा सहमा हुआ देखा गया। उन्होंने कहा कि कुछ प्रत्यक्ष दर्शियों के अलावा मैंने खुद बाघ को भागते हुए देखा। ठीक उसके पीछे शादी पार्टी की आवाज चल रही थी और डीजे बज रहा था। पूर्व में भी कई बार बाघ मूवमेंट के कारण यहां धारा 144 लगाई गई है।

### फॉर्म हाउस में हो रही शादियां, बर्थ-डे पार्टी

शिकायत में नूर ने लिखा कि फार्म हाउस को शादी, बर्थ डे जैसे कई कार्यक्रम के लिए किराए पर देकर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। यहां पार्टी तेज़ डीजे के साथ होती रहती हैं। इस क्षेत्र का भोपाल विकास योजना में भूमि उपयोग पीएसपी निर्धारित है, जिसके तहत फार्म हाउस में यह अमान्य गतिविधि है। इन फार्म हाउस से लगकर घना वन क्षेत्र है, जो संरक्षित वन घोषित किया गया है। इस वन क्षेत्र में बाघ मूवमेंट लगातार बना रहता है। यही नहीं, यह क्षेत्र बाघों की पनाहगाह के साथ प्रजनन के लिए भी अनुकूल परिस्थिति निर्मित करता है।

2006 में राजस्थान के कलंदर से मुक्त करा कर लाया गया था वन विहार

## मल्टीपल ऑर्गन फेलियर के चलते 36 साल के भालू बबलू की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में गुरुवार को 36 वर्षीय अतिवृद्ध नर भालू बबलू के मल्टीपल ऑर्गन फेलियर की वजह से मौत हो गई। वृद्धावस्था के कारण यह नर भालू विगत 4-5 दिन से अस्वस्थ था। साथ ही वह पूरा भोजन नहीं ले पा रहा था। इस नर भालू को वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा अपनी निगरानी में लेकर समुचित उपचार किया गया।

### वन विहार में अंतिम संस्कार

इस भालू को राजस्थान में कलंदर से मुक्त कराया जाकर 6 मई 2006 को यानी 19 वर्ष की आयु में वन विहार लाया गया था। भालू का पोस्टमार्टम डॉ. अतुल गुप्ता एवं डॉ. रजत कुलकर्णी ने किया। पीएम के बाद वन विहार में भालू का दाह संस्कार कर दिया गया। उक्त मृत भालू के अवयवों का सेम्पल परीक्षण के लिए स्टेट वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हैल्थ, वेटरीनरी कॉलेज जबलपुर भेजा जा रहा है।

हरिभूमि




फंदा नीलबड़ रोड में बगुलों का रहवास। फोटो जर्नलिस्टः जसप्रीत सिंह

## इंदौर के स्वप्निल का प्रकल्प 'पक्षी निलय'

# ताकि, परिंदों को मिले घर, इसलिए आज 500 से ज्यादा घोंसले बांटेंगे

रूबी सरकार ⏭भोपाल


**राष्ट्रीय पक्षी दिवस आज**



यूं तो पेशे से सहायक प्राध्यापक हैं स्वप्निल व्यास। लेकिन पर्यावरण रक्षा का ऐसा जुनून कि अपनी तनख्वाह का 25 से 30 फीसदी इसी पर खर्च कर देते हैं। महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर में सहायक प्राध्यापक की नौकरी मिलते ही उन्होंने अपनी कमाई का एक हिस्सा जैव विविधता पर खर्च करने का निर्णय ले लिया। स्कूलों में जाकर औषधीय पौधे रोपने लगे और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों को सौंपने लगे। अब तक वे 35 हजार से अधिक औषधियों के पौधे इंदौर के अलग-अलग स्कूलों में रोप चुके हैं। उनको लगा कि सामा, गोरैया, कर्रा, ▸▸शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### चीन से ग्वालियर निवासी का शव लाने का अनुरोध स्वीकार



**ग्वालियर।** ग्वालियर निवासी सुरेंद्र सिंह कुशवाह के बेटे प्रबल कुशवाह की चीन में आकस्मिक मृत्यु हो गई है, उनके शव को चीन से वापस लाए जाने के लिए लगातार गुहार लगाई जा रही थी। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर सहयोग करने का आग्रह किया था। सिंधिया के आग्रह को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्वीकार कर लिया। इसकी जानकारी खुद सिंधिया ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने विदेश मंत्री का आभार जताया है। बता दें ग्वालियर निवासी प्रबल आठ महीने पहले नौकरी के लिए बीजिंग गया था। 20 दिसंबर को सुसाइड की सूचना मिली थी। परिजन शव को भारत लाने दूतावास से संपर्क कर रहे थे।

## सीएम यादव ने कहा-जहां संतों का प्रताप होता है, वहां सारे काम पूरे हो जाते हैं

# आदर्श होगी लाल टिपारा 'गो-शाला' व्यवस्था देखने निगमों से दल आएंगे



मुख्यमंत्री ने जन आभार यात्रा में जनता के प्रति आभार जताया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी उनके साथ थे

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआर फंड से 31 करोड़ रुपए की लागत से सीएनजी प्लांट भी यहां बनाया जा रहा है जिसमें 7 करोड़ की सीएनजी का उत्पादन होगा जिससे नगर निगम के वाहन चलेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्वालियर

सनातन धर्म का आधार ही गो-सेवा है। एक साथ सभी देवताओं की पूजा करना हो तो केवल गोमाता की पूजा करने से सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं। लाल टिपरा गोशाला इस बात का उदाहरण है कि जहां संतों का प्रताप होता है वहां काम पूरे हो जाते हैं।

लाल टिपारा गोशाला को प्रदेश की आदर्श गोशाला बनाया जाएगा। साथ ही ऐसी अन्य स्थानों पर ऐसी आदर्श गोशाला स्थापित करने के लिए कार्य ▸▸शेष पेज 2 पर

सीएम ने की 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य स्थानों पर ऐसी आदर्श गोशाला स्थापित करने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में आदर्श गोशाला लाल टिपारा का लोकार्पण किया।

### सिंधिया ने कहा...इस धरोहर को पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमें संभालना है

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हिंदू धर्म में मान्यता है कि गो माता के खुर की धूल माथे पर लगाने से जीवन के सभी पाप धुल जाते हैं। गांधीजी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांव में बसती है और गांव की आत्मा गाय में बसती है। भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग गाय है, इस धरोहर को पीढ़ी दर पीढ़ी हमें संभालना है।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर बोले...इस गोशाला को पूरे विश्व में स्थान मिलेगा

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा की लाल टिपारा गोशाला सेवा में 2004 से जुड़े हुए हैं और लगातार यह प्रयास में है कि इसे व्यवस्थित बनाया जाए जिससे गो माता का संरक्षण संवर्धन हो सके। इस गोशाला को विश्व में स्थान मिलेगा। सीएनजी प्लांट लगने के बाद पूरे देश के लोग देखने आएंगे।

### ग्वालियर मेले को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्वरूप

मुख्यमंत्री यादव ने गुरूवार को ग्वालियर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेला संस्कृति के माध्यम से व्यक्ति और व्यवस्था की विशेषताएं और अच्छाइयां सामने आती हैं। निश्चित ही यह मेला निरंतर उन्नति करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा मेले को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी व्यापार मेलों को प्रोत्साहित करने में रूचि ली है। इस नाते कुछ उत्पादों में विक्रय कर में 50 प्रतिशत की छूट की पहल आवश्यक और प्रासंगिक भी है। व्यवस्थाओं का विकेंद्रीकरण होना चाहिए। इस संकल्प के साथ विकास के प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप निर्धन वर्ग, युवाओं और महिलाओं की उन्नति के लिए हर संभव प्रयास होंगे।

## धान खरीदी में गड़बड़ी का मामला

# जबलपुर कलेक्टर को कैबिनेट के बाद हटाया, सक्सेना को दी कमान

बाफना की जगह नरसिंहपुर में शीतला पटले को भेजा

» लंबे समय से पीएचक्यू में एआईजी पर फिर भरोसा, अखिल पटेल को डिंडौरी एसपी की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



दीपक सक्सेना | सौरव कुमार सुमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की लगातार प्रशासनिक सर्जरी जारी है। लापरवाही के चलते गुरुवार को जबलपुर कलेक्टर सौरव कुमार सुमन को हटा दिया गया। उनकी जगह उपभोक्ता संरक्षण विभाग में संचालक दीपक सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई है।

सौरव सुमन ने धान में उपार्जन केंद्र और गोदाम के निर्धारण मामले में लापरवाही बरती। इस बात से सीएम नाराज थे। अब तक लापरवाही के चलते राज्य सरकार 7 जिलों के कलेक्टर के खिलाफ एक्शन ले चुकी है। खास बात है कि बुधवार को जबलपुर में मोहन कैबिनेट की बैठक हुई थी। इसमें स्थानीय नेताओं ने कलेक्टर की शिकायत की थी। इसके अलावा धान खरीदी में गड़बड़ी के मामले में भी कलेक्टर ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। वहीं, पिछले साल अनूपपुर में ▸▸शेष पेज 2 पर

### शीतला पटले इससे पहले छिंदवाड़ा की कलेक्टर थीं




वहीं, सीएम सचिवालय में पदस्थ शीतला पटले को नरसिंहपुर कलेक्टर बनाया गया है। शीतला पटले इससे पहले छिंदवाड़ा की कलेक्टर रह चुकी हैं। बुधवार को ही सीएम के निर्देश पर नरसिंहपुर के तत्कालीन कलेक्टर किशोर कन्याल को हटाया गया था। उनकी जगह नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को भेजा गया था। इसके अलावा, डिंडौरी से गुना भेजे गए एसपी संजीव कुमार सिन्हा की जगह अखिल पटेल को डिंडौरी का नया एसपी बनाया गया है।




## देखें...नवनिर्मित राम मंदिर की विशेषताएं

### प्राण-प्रतिष्ठा तक केवल एक मंजिल तक ही निर्माण पूर्ण हो पाएगा



# मंदिर की हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट, कुल 392 खंभे और 44 द्वार




मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं। धरती के ऊपर बिलकुल भी कांक्रीट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭अयोध्या

अयोध्या में रामलला का मंदिर अभी निर्माण की प्रक्रिया में है। मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए अयोध्या धाम में 16 जनवरी से ही कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।

मंदिर का निर्माण परम्परागत नागर शैली में किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई ▸▸शेष पेज 2 पर

### मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा

वहीं, मंदिर परिसर के खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। इसके साथ ही मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। वहीं दिव्यांगजन एवं वृद्धों के लिए मंदिर में रैंप व लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी। मंदिर के चारों ओर आयताकार परकोटा रहेगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट ▸▸शेष पेज 2 पर

# भारत ने दूसरा टेस्ट मैच जीतकर रचा इतिहास

» केप टाउन में टूटा साउथ अफ्रीका का घमंड

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



भारतीय टीम ने गुरुवार को साउथ अफ्रीका की धरती पर इतिहास रच दिया। वह पहली एशियाई टीम बन गई, जिसने केप टाउन के न्यूलैंड्स पर पहला टेस्ट मैच जीता। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन ▸▸शेष पेज 2 पर ▸▸पढ़ें पेज 10 भी



# वीआईपी रोड के साथ बनेगा 8 लाइन एलिवेटेड लेक कॉरिडोर व वेस्ट बायपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में वीआईपी रोड के बराबर 8 लाइन एलिवेटेड लेक कॉरिडोर बनाया जाएगा। पश्चिमी भोपाल बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं पर 3000 करोड़ का निवेश होगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं उज्जैन में रिंग रोड का निर्माण होगा।

## भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में रिंग रोड बनेंगे

## पांच वर्षों में मध्यप्रदेश में एक लाख किलोमीटर सड़क बनेगी

### 10 हजार करोड़ के निवेश से रोड मेंटेनेंस एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम किया जाएगा शुरू

10 हजार करोड़ के निवेश से रोड मेंटेनेंस एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। प्रदेश में 500 फ्लाईओवर एवं रेल ओवर ब्रिज का नेटवर्क विकसित किया जाएगा। बताया गया कि विभाग द्वारा नई तकनीक एफडीआई (फुल डेप्थ रीसाइकलिंग ट्रेन) तकनीकी से सड़क निर्माण कराए जाने की भी योजना है जिसके अंतर्गत मौजूदा रोड को बिना हटाए उसके ऊपर ही कई मशीनों के द्वारा रीसाइक्लिंग सामग्री का उपयोग कर रोड निर्माण किया जाता है।






### पीडब्ल्यूडी विभाग की पहली बैठक में तय हुआ रोडमैप



पीडब्ल्यूडी विभाग की पहली बैठक गुरुवार को हुई। इसमें रोडमैप तय किया गया। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। कार्यों के लिए समयबद्ध कार्य योजना बनाएं और समय सीमा में उन्हें पूर्ण करें। गुणवत्ता के लिए क्वालिटी ऑडिट किया जाए और टाइमलाइन का पूरा ध्यान रखा जाए। बड़ी योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए पृथक सैल गठित किया जाए।

**कूनो का दौरा करेंगे मंत्री** | वन मंत्री नागर सिंह ने पीएम मोदी के सपने को साकार करने का लिया प्रण

# मप्र को टाइगर के बाद अब चीता स्टेट बनाने वन मंत्री का संकल्प

दिनेश शुक्ला ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन सरकार के नवनियुक्त वन, पर्यावरण और अनूसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुसार मध्यप्रदेश को



टाईगर के बाद अब प्रदेश सरकार ने चीता स्टेट बनाने की तरफ कदम बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में आशा नाम की चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। जिसके बाद मध्यप्रदेश ने चीता स्टेट की तरफ एक और कदम बढ़ा दिया है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के श्योपुर और मुरैना जिले में पड़ने वाले कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए गए चीतों को छोड़ा था। कूनो को 2018 में नेशनल पार्क का दर्जा हासिल हुआ है।

### चीता स्टेट बनने से पर्यटकों की संख्या, रोजगार बढ़ेंगे

*वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने जल्द ही कूनो नेशनल पार्क का दौरा करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को वह साकार करने का प्रण लेते हैं और चीता स्टेट कैसे बने इसको लेकर भरसक प्रयास करेंगे। वही वन मंत्री ने कहा कि चीता स्टेट बनने से पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी, साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि चीतों की सुरक्षा का लेकर वह व्यक्तिगत तौर पर संज्ञान लेंगे, साथ ही कूनो राष्ट्रीय उद्यान का दौरा भी करेंगे।*

### मप्र में डबल इंजन सरकार

वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डॉ. मोहन यादव का प्रयास है कि प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता तक डबल इंजन की सरकार की सभी योजनाएं राज्य के अंतिम पायदान तक पहुंचे, यह उनका प्रयास रहेगा। नागर सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. मोहन यादव ने उन्हें वन, पर्यावरण और अनूसूचित जाति कल्याण विभाग का दायित्व दिया है, वह इस जिम्मेदारी को पीएम मोदी की मंशा अनुसार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप

### बेलगाम कलेक्टरों को हटाना गलत भी नहीं

**भोपाल।** मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर कलेक्टर किशोर कान्याल को ड्राइवर के साथ दुर्व्यवहार करने पर पद से हटा दिया। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कान्याल को एक ड्राइवर भाई की औकात दिखाने पर उनके पद हटाया जाना अच्छी बात है। लोकतंत्र में जनता से उसकी औकात पूछने का अधिकार नौकरशाहों को नहीं है। जनता सर्वोपरि है और हमेशा रहेगी।

### अटैच आरक्षक मूल इकाई में वापस जाएंगे

**भोपाल।** राजधानी और इंदौर में कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद अन्य जिलों से नव प्रशिक्षित आरक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। अब यह नव आरक्षक अपनी मूल इकाई में वापस जाएंगे। जबलपुर के 100 जवान भोपाल में नौकरी कर रहे हैं। अब इन जवानों को उनकी मूल इकाई में भेजने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को दिए थे। पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को इंदौर और भोपाल में नौकरी करने वाले आरक्षकों को मूल इकाई में ज्वॉइन करने के लिए शुक्रवार तक रिलिव करने संबंधी आदेश जारी किए हैं।

### 5 आईपीएस अफसरों के वरिष्ठ वेतनमान स्वीकृत

**भोपाल।** राज्य शासन ने गुरुवार को आदेश जारी कर भारतीय पुलिस सेवा के 5 अधिकारियों को 1 जनवरी 2024 से भारतीय पुलिस सेवा का वरिष्ठ वेतन मैट्रिक्स 11 स्वीकृत किया है। ये सभी अधिकारी 2020 बैच के आईपीएस हैं। मयूर खंडेलवाल जिला रतलाम, सोनाक्षी सक्सेना सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर इंदौर, शियाज केएम नगर पुलिस अधीक्षक लश्कर जिला ग्वालियर, आनंद कलादगी जिला खरगोन और कृष्ण लालचंदानी जिला उज्जैन में पदस्थ हैं।

### महिला एवं बाल विकास अधिकारी सस्पेंड

**भोपाल।** राज्य शासन ने महिला और बाल विकास विभाग के एक अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होने के फल स्वरुप गाज गिरी है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आदेश में बताया गया है कि शालीन शर्मा सहायक संचालक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला दमोह द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत विधि सम्मत कार्रवाई नहीं की गई।

## ग्वालियर में हुई संभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

# सीएम डॉ. यादव बोले- जरूरतमंदों को रोजगार देना मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**विकास पर फोकस...** नजदीक बसे गांवों की नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी अनिवार्य

*पर्यटन, उद्योग सहित सभी सेक्टर में रोजगार देने की कार्ययोजना बनेगी*

*आगामी गर्मी में कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं आने देने के निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जरूरतमंदों को रोजगार देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए पर्यटन, वन, खनिज, उद्योग व सेवा क्षेत्र सहित सभी सेक्टर को शामिल कर रोजगार देने की कार्ययोजना बनाएं। कार्ययोजना ऐसी हो जिससे हर सेक्टर से जरूरतमंदों को रोजगार मिले, इसकी जिलेवार तैयारी करें।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को ग्वालियर में आयोजित हुई संभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा भी बैठक में की। बैठक में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद थे।

**खास बातें**

- दतिया जिले में रतनगढ़ बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना की रूकावट दूर करने के निर्देश
- ग्वालियर में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल




### 'स्वीकृत कार्यों को धरातल पर लाएं, कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं'

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार ने जो काम स्वीकृत किए हैं, उनमें से अधूरे काम अभियान बतौर पूर्ण कराएं। साथ ही जो कार्य शुरू नहीं हो सके हैं, उन्हें जल्द से जल्द धरातल पर लाएं। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। राष्ट्रीय राजमार्गों के नजदीक बसे गांवों को नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी अनिवार्य रूप से मिले। आगामी गर्मी के मौसम में कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। दतिया जिले में मूर्तरूप ले रही रतनगढ़ बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना को पूरा करने में आ रही रूकावट जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए।*

### विकास कार्यों की सूचना दें: सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विकास कार्यों की सूचना जनप्रतिनिधियों को भी दी जाए। उन्होंने ग्वालियर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दिया। बैठक में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मौजूद थे।

### आड़े नहीं आएगी मतभिन्नता

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों से कहा कि मतभिन्नता को विकास कार्यों के बीच आड़े नहीं आने दिया जाएगा। सरकार दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी के सुझावों को सम्मान देगी और अच्छे सुझावों पर अमल भी किया जाएगा।*

### ग्वालियर में पर्यटन संभावनाएं

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां किला सहित अन्य ऐतिहासिक इमारतें, जलाशय व अकूत वन संपदा उपलब्ध है। इसलिए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये रोजगारपरक योजना तैयार करें। हर जिले में उद्यम स्थापित कर सकते हैं।

**किसी बेसहारा की खुले में नहीं बीतेगी रात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि सर्दी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में रात गुजारने के लिये मजबूर न होना पड़े। फुटपाथ पर रात गुजारने वालों एवं अन्य जरूरतमंदों को रैन बसेरों में आश्रय दिलाएं। इस काम में सामाजिक संस्थाओं को भी सहभागी बनाएँ। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों की व्यवस्थाएँ सुदृढ़ रहें। ठंड से किसी के भी जीवन में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए।

# 413 नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने कार्ययोजनाएं तैयार की जाएंगी

- *जबलपुर से लौटे कैलाश- प्रदेश में विकास की योजनाएं बनाने के दिए निर्देश*
- *पर्यटन और कनेक्टिविटी बढ़ाने पर रहेगा फोकस, निकायों में टैक्सों की वसूली का टारगेट दिया*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जबलपुर लौटे। वह भेड़ाघाट में घूमने गए थे। गुरुवार को उन्होंने बैठक लेकर कहा कि स्थानीय निकाय की आर्थिक मजबूती के लिए वहां पर्यटकों की सुविधा के लिए अनेक कार्य कराए जा सकते हैं। इसके लिए विभागों से समन्वय बनाकर कार्य-योजना तैयार की जाए।

### निकायों से जुड़े अमले को नियमित वेतन दें

*मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के 413 नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कार्य-योजना बनाए जाने की जरूरत है। नगरीय निकायों से जुड़े अमले को नियमित वेतन मिलता रहे। इसके लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। विजयवर्गीय ने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं में शैक्षणिक मदद करने के मकसद से ई-लाइब्रेरी शुरू की जा सकती है। उन्होंने नगरीय निकायों में विभिन्न प्रकार के टैक्सों की वसूली शत-प्रतिशत रूप से किए जाने की बात भी कही।*

## बूथ लेवल पर मजबूत होने के निर्देश

# पटवारी, सिंघार पर मप्र में लोस चुनाव की जिम्मेदारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली में हुई बैठक में मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी दी है।

दोनों नेताओं को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। पार्टी को बूथ लेवल पर मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा के मप्र में प्रवेश करने पर उसकी व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

### राहुल की मप्र में 698 किमी यात्रा

बता दें कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की यात्रा मप्र में 698 किमी चलेगी। मप्र में यह यात्रा सात दिन चलेगी और नौ जिलों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि हमारे लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करना और राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा को सफल बनाना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इसके लिए कांग्रेस हर एक कार्यकर्ता को भरपूर समय देना है और चर्चा करना है।

**मंत्री निर्मला भूरिया**



भोपाल। महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने गुरूवार को मंत्रालय में आवंटित कक्ष में पूजन-अर्चन कर पदभार ग्रहण किया।

**मंत्री विजय शाह**



जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री कुंवर विजय शाह ने पदभार ग्रहण किया।

**मंत्री नरेंद्र पटेल**



राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया।

# देश की राजनीति में विष घोलने का काम कर रहे हैं दिग्विजय: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

## प्रभु श्रीराम की मूर्ति को लेकर सिंह के बयान पर वीडी ने किया पलटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा श्रीराम मंदिर को लेकर दिए जा रहे बयान को लेकर गुरूवार को हमला बोला है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह जैसे व्यक्ति दोहरे चरित्र के लोग होते हैं। दिग्विजय सिंह देश की राजनीति में विष घोलने का कार्य कर रहे हैं। 500 वर्षों के संघर्ष और लाखों लोगों के बलिदान के बाद राम मंदिर निर्माण हुआ है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण से पूरी दुनिया के जनमानस में खुशी की लहर है, दिग्विजय सिंह मुंह में राम बगल में छुरी की कहावत चरितार्थ करते हुए अयोध्या से दूरी बनाए हुए हैं। दिग्विजय अगर एक दीपक लगाएं तो अच्छा होगा।

### दिग्विजय इसी फिराक में रहते हैं कि श्रीराम मंदिर के निर्माण में अड़चन कैसे डाली जाए?: अग्रवाल




पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा श्रीराम मंदिर को लेकर दिए जा रहे बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटवार किया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के ये प्रतिनिधि जब श्रीराम मंदिर बनने से नहीं रोक पाए तो अब येन-केन-प्रकारेण विघ्न कैसे डाला जाए इसके लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। ठीक उसी तरह जैसे त्रेता में संत महात्माओं के यज्ञ में विघ्न डालने राक्षस कुंड में हड्डियां डाल जाते थे।

## 53 विभाग की वेबसाइट और पोर्टल का ऑडिट: गृह विभाग 5 साल से अपडेट नहीं, जीएडी को अटैकर्स से खतरा

# वेबसाइटों पर सीएम और मंत्रियों की तस्वीर नहीं, पुराने नाम बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुशासन और डिजिटलाइजेशन के दावे की हकीकत है कि मध्य प्रदेश के 53 विभागों की वेबसाइट और पोर्टल अपडेट नहीं है। सरकारी वेबसाइट और पोर्टल के ऑडिट में यह अहम जानकारी सामने आई है। हैरत की बात है कि कुछ दिनों पहले गृह विभाग के तीन एडीजी अफसरों के साथ बैठक की थी। यह बैठक मुख्य रूप से साइबर सिक्योरिटी और आडिट के लिए बुलाई गई थी। सरकारी पोर्टल और वेबसाइड का सिक्योरिटी ऑडिट करना फैसला किया गया है। पड़ताल में जानकारी सामने आई है कि खुद गृह विभाग की वेबसाइट में कोई भी नई जनहित की जानकारी या सूचना अपलोड नहीं की गई है। गृह विभाग ने साल 2018 के बाद से कोई भी जानकारी साझा नहीं की है। इसके अलावा सीएम मोहन यादव की तस्वीर नहीं है। सिर्फ एसीएस, पीएस और सचिव की तस्वीरें ही हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट अटैकर्स के चलते बंद पड़ी हुई है।




### जनवरी 2023 के बाद कोई भी सूचना नहीं

खनिज साधन विभाग की वेबसाइट खुली ही नहीं। सहकारिता विभाग की वेबसाइट पर सीएम और मंत्री की तस्वीर जरूर लगी है। साल जनवरी 2023 के बाद कोई भी सूचना नहीं अपलोड की गई है। नगरीय विकास और आवास विभाग की बेवसाइट काम फिलहाल जारी है। इसलिए कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है।

### डिजिटल इंडिया मिशन के तहत करोड़ों रुपए वेबसाइट बनाने पर हुए खर्च

## हेल्थ में अभी भी शिवराज और प्रभुराम का नाम

स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट में अभी पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की जानकारी है। इसके अलावा मंत्री भी प्रभुराम चौधरी हैं। जबकि सीएम मोहन यादव हैं और विभाग के मंत्री राजेंद्र शुक्ला है। दिसंबर 2023 के बाद भी सूचना वेबसाइट पर नहीं है। नर्मदा घाटी विकास, सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग की साइट बंद है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का जिक्र नहीं है।

### टेक्निकल टीम पर लाखों खर्च

*सूत्रों ने बताया कि सरकार हर साल विभागों के डिजिटल मोड रखने के लिए टेक्निल टीम पर लाखों रुपए सैलरी पर खर्च करती है। इसके अलावा मेंटनेंस के नाम पर सालाना करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के साथ ही ऑपरेटिंग सिस्टम पर खर्च किए जाते हैं। फिर भी वेबसाइट और पोर्टल में जनता से जुड़ी जानकारी अपलोड नहीं की जा रही है। इसके अलावा उन्हें रियल टाइम पर अपडेट नहीं किया जाता है।*

### मत्स्य विभाग में तुलसी बरकरार

मंत्री तुलसीराम सिलावट को पिछली सरकार में मत्स्य विभाग दिया गया था, लेकिन इस बार सिर्फ जल संसाधन विभाग ही दिया गया है। मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी सीएम मोहन यादव ने मंत्री नारायण सिंह पंवार को दी है।

### कांग्रेस नेता कमलापत आर्य भाजपा में शामिल



*कांग्रेस की रीति-नीति और कथनी-करनी में अंतर: आर्य*

**भोपाल।** भाण्डेर के पूर्व विधायक व कांग्रेस प्रदेश महामंत्री कमलापत आर्य ने गुरूवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा प्रदेश और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा कार्यालय में डॉ. आर्य को पार्टी की सदस्यता दिलाई। आर्य ने कहा कि कांग्रेस की रीति और नीति में अंतर है।

हरिभूमि



सागर किनारे



1 समुद्र किनारे 'वॉक'

## लक्षद्वीप में समुद्र के किनारे पीएम मोदी की मॉर्निंग वॉक

# लाइफ जैकेट पहनकर उतरे लहरों में



2 डुबकी लगाते हुए



3 लहरों को निहारते मोदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी लक्षद्वीप यात्रा के बारे में गुरुवार को अपना अनुभव शेयर किया। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की हैं। मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र किनारे अपना समय बिताया। उन्होंने बीच पर शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। अपनी लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उन्होंने समुद्र में डुबकी ▸▸ शेष पेज 2 पर

पीएम मोदी ने कहा

### इसकी अद्भुत सुंदरता, लोगों की गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं

मैं अभी भी इसके द्वीपों की अद्भुत सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं। मुझे अगत्ती, बंगाराम और कावारत्ती में लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मैं द्वीप के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।

### चीन ने माना भारत का 'लोहा'

## मोदी के नेतृत्व को सराहा रणनीतिक रूप से भारत 'ज्यादा विश्वास' से भरा

## खबर संक्षेप

### डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे मोदी व शाह




**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी देश भर के टॉप पुलिस अधिकारियों से मिलने वाले हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में वह लगातार तीन दिनों तक शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस 5 जनवरी से शुरू होकर 7 जनवरी तक चलेगी। जयपुर में इस कॉन्फ्रेंस में 28 राज्यों की पुलिस के डीजी-आईजी स्तर के शीर्ष अधिकारी भाग लेंगे।

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी पर फंसे खेड़ा



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने से इनकार कर दिया है। खेड़ा ने मोदी और उनके पिता के नाम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिस पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी।

### भोपाल: वार्ड-41 के पार्षद 355 पंच के चुनाव आज



**भोपाल।** नगर निगम के वार्ड-41 में पार्षद और जिले के 355 पंच पदों के लिए चुनाव 5 जनवरी को होंगे। पार्षद की किस्मत का फैसला 22 हजार से अधिक मतदाता करेंगे। गुरुवार को मतदान सामग्री केंद्रों पर रवाना कर दी गई। यह सीट मौजूदा परिषद के सबसे सीनियर पार्षद मो. सगीर के निधन से 25 जुलाई को खाली हो गई थी। मतगणना 9 जनवरी को होगी। सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगी।


**दुबके रहे लोग :** बारिश, बादल, घना कोहरा और धुंध के बीच तेजी से गिरा दिन का पारा

# ग्वालियर का दिन सबसे ठंडा, भोपाल में 8 साल का सबसे सर्द दिन रहा, बादलों में गुम हुआ सूरज

शाम 7 बजे भोपाल में हुई तेज बारिश

## सागर में प्रदेश की रात का पारा सबसे कम 10.7 डिग्री दर्ज

खजुराहो में 100 मीटर, दतिया, सतना, टीकमगढ़ में 200 मीटर, ग्वालियर में 300 मीटर, भोपाल हवाई अड्डे में 400 मीटर, तथा उज्जैन, दमोह एवं रीवा जिलों में 500 मीटर दृश्यता दर्ज



रात 10 बजे करोंद में ऐसा नजारा दिखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गुरुवार को पश्चिमी के ज्यादातर और पूर्वी मप्र में कहीं बारिश, घना कोहरा और धुंध के असर से दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही। ग्वालियर का दिन प्रदेश में सबसे सर्द रहा। यहां दिन का पारा 14.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7 डिग्री कम है।

यहां रात का पारा 11 डिग्री रहा। सागर में प्रदेश की रात का पारा सबसे कम 10.7 डिग्री दर्ज हुआ है। भोपाल में 8 साल का सबसे सर्द दिन रहा। यहां 2 जनवरी वर्ष 2015 में दिन का पारा सबसे कम 15.1 डिग्री रहा था, जिसके बाद गुरुवार को शहर का सबसे कम अधिकतम तापमान 16.7 डिग्री रहा। जो सामान्य से 7.3 डिग्री कम है। रात का पारा 14.4 डिग्री रहा, जिससे राजधानी में दिन और रात के तापमान में केवल 2.3 डिग्री का अंतर रहा है। शहर में पूरे दिन धुंध और घने बादलों के बीच सूरज पूरी तरह गायब रहा। उत्तरी हवाओं की रफ्तार भी 10 किमी से अधिक रही, जिससे सर्दी और बढ़ गई।

- पूरे प्रदेश में रात का तापमान सामान्य से अधिक
- प्रदेश में सबसे ज्यादा दिन के तापमान में गिरावट भोपाल में दर्ज
- शहडोल संभाग सहित आज कुछ जिलों में गिरेंगे ओले



लिंक रोड नंबर 1 में दोपहर करीब 12 बजे कोहरा रहा

### इसलिए बढ़ी सर्दी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हरियाणा से दक्षिण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच ऊपरी हवा का एक चक्रवात बना है। साथ ही दक्षिण पश्चिमी यूपी से कर्नाटक तक एक ट्रफ भी बनी हुई है। इससे शुक्रवार को भी भोपाल सहित कई जिलों में बारिश, घना कोहरा, बादल और धुंध का असर रहेगा। इनमें प्रमुख रुप से सागर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर संभाग और ग्वालियर संभाग से लगे हिस्सों में बारिश ▸▸ शेष पेज 2 पर

### आज भी यही रहेगा मौसम का मिजाज

गुरुवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में गिरावट भोपाल में 7.2 डिग्री की रही। इसके साथ ही इंदौर, नर्मदापुरम, सतना, जबलपुर, उज्जैन, रायसेन, धार आदि जिलों में भी दिन का पारा 3 से 6 डिग्री तक गिरा है। इससे इन जिलों में दिन काफी सर्द रहा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी प्रदेश में मौसम का यही मिजाज रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके ▸▸ शेष पेज 2 पर

### यहां रहा घना कोहरा, आज भी रहेगा

*भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, ग्वालियर, दतिया, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, दमोह, पन्ना और सतना में मध्यम से घना कोहरा रहा। सबसे कम विजिबिलिटी सुबह के समय रतलाम और सागर में 50 मीटर से कम यानि शून्य रही। खजुराहो में 100 मीटर, दतिया, सतना, टीकमगढ़ में 200 मीटर, ग्वालियर में 300 मीटर, भोपाल हवाई अड्डे में 400 मीटर, तथा उज्जैन, दमोह एवं रीवा जिलों में 500 मीटर दर्ज की गई। इन जिलों में भी दृश्यता शून्य रही है।*



## पूरी दुनिया का मेंटर बनना चाहता है भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चीन के 'ग्लोबल टाइम्स' ने भारत की जमकर तारीफ की है। एक लेख में उसने भारत की शक्ति को भी माना है और पीएम मोदी के नेतृत्व को भी सराहा है। लेख में जोर देकर कहा गया है कि भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भरा दिखता है, वो विकास के प्रति ज्यादा सक्रिय हो चुका है।

'ग्लोबल टाइम्स' के लेख में लिखा गया कि भारत अपने एक्सपोर्ट पर ज्यादा जोर दे रहा है। उसका भारत वाला नेरेटिव ज्यादा उभरकर सामने आ रहा है, वो ज्यादा आत्मविश्वास से भरा लगा रहा है। लेख में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत अब हर कीमत पर गुलामी वाली मानसिकता से मुक्त होना चाहता है, वो पूरी दुनिया का मेंटर बनना चाहता है, फिर चाहे वो राजनीतिक रूप से हो या फिर सांस्कृतिक रूप से। ये लेख फुडन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक झांग जियाडोंग द्वारा लिखा गया था।


### तल्ख रिश्तों के बीच इस तारीफ ने 'चौंकाया'

अब वैसे तो भारत की बढ़ती ताकत की तारीफ कई मौकों पर हुई है, लेकिन चीन की तरफ से ऐसा होना हैरान करता है। चीन के साथ पिछले कुछ सालों से भारत के रिश्ते तल्ख चल रहे हैं, आलम ये है कि सीमा पर तनाव बढ़ता चला गया है। उस बीच अगर चीन की सरकार का सबसे बड़ा मुखपत्र माना जाने वाला ग्लोबल टाइम्स पीएम मोदी की तारीफ कर दे, तो पूरी दुनिया के लिए इसके मायने बढ़ जाते हैं। वैसे ये तारीफ भी उस समय की गई है, जब चीन पूरी दुनिया के निशाने पर है। असल में ऐसी अटकलें चल रही हैं कि चीन कुछ खतरनाक करने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन में लोप नूर नाम की एक जगह है जहां पर 1964 में सबसे पहले परमाणु परीक्षण किया गया था। अब दावा ये हुआ है कि उस इलाके में फिर कुछ ऐसी गतिविधियां दिखी हैं जिनसे अंदेशा उठना शुरू हो गया है कि शी जिनपिंग किसी बड़ी रणनीति पर काम कर रहे हैं। जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें कई जगहों पर वर्टिकल ड्रिलिंग देखी गई थी, यानी कि गहरे गड्ढे हैं। जानकारी मिल रही है कि नए तरह के परमाणु हथियार तैयार करने के लिए चीन गुपचुप तरीके से इसे अंजाम दे रहा है।

**आमंत्रण के साथ आधार दिखाना होगा**

### रामलला, निषादराज, शबरी पर जारी होंगे डाक टिकट

एजेंसी ▸▸ अयोध्या



■ प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11.30 से 12.30 बजे

उप्र के अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला, शबरी व निषादराज के डाक टिकट भी जारी करेंगे। इनकी कीमत 50 रुपए होगी। यह जानकारी प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने दी है। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को पीएम ने रामजन्मभूमि का डाक ▸▸ शेष पेज 2 पर

**प्रभातफेरी के दौरान चाकूबाजी**

### बजरंग दल कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर



■ घटना के बाद कार्यकर्ताओं का चक्काजाम

रणजीत अष्टमी पर रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी में गुरुवार सुबह युवकों के दो गुट भिड़ गए। इसमें गले में चाकू मारकर बजरंग दल के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। मारपीट में उसका एक साथी घायल हो गया है। घटना के बाद बजरंग दल कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंच गए। यहां पर उन्होंने चक्काजाम भी ▸▸ शेष पेज 2 पर

**3304 करोड़ राजस्व प्राप्त किया**

### जीएसटी कलेक्शन में मप्र ने बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



■ सीएम डॉ.मोहन यादव ने दी बधाई

मध्य प्रदेश वाणिज्यकर विभाग ने जीएसटी कलेक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है। विभाग ने दिसंबर 2023 में 3304 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। यह राशि 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद किसी माह में प्राप्त सबसे अधिक राजस्व है। इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने बधाई दी। मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पेज 2 पर

**राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी से**

## इंफाल से शुरु होकर 'मुंबई' तक 100 लोकसभा सीटें कवर करेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ 67 दिनों में 6713 किमी का सफर तय करेंगे

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिर यात्रा पर निकलने वाले हैं। 14 जनवरी से शुरू होनी वाली इस यात्रा का नाम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' होगा। इस बात की जानकारी कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दी। इससे पहले इस यात्रा नाम 'भारत न्याय यात्रा' दिया गया था। जयराम रमेश ने कहा कि यात्रा की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी। यात्रा 14 जनवरी दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 2 पर



### 110 जिलों से होकर गुजरेगी यात्रा

उन्होंने कहा कि इस दौरान राहुल गांधी बस और पद यात्रा करेंगे। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को भी न्यौता दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत 67 दिनों में 6713 किमी का सफर तय करेंगे। यह यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। इसके अन्तर्गत 100 लोकसभा सीटें आएंगी। राहुल गांधी की यात्रा मुंबई में खत्म होगी।

**कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणी के खिलाफ बंगाल सरकार**

## 'लड़कियां यौन इच्छाओं को कंट्रोल रखें' सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका

### अब सीजेआई तय करेंगे कि कौन सी बेंच मामले में सुनवाई करेगी?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर एक बार फिर सुनवाई की।

इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि हमने मामले में फैसले के खिलाफ अपील दाखिल कर दी है। मामले में चीफ



जस्टिस तय करेंगे कि मामले की अगली सुनवाई कौन सी बेंच करेगी। गौर हो कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने अक्टूबर में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था- नाबालिग लड़कियों को दो मिनट के मजे की जगह अपनी यौन इच्छाओं पर कंट्रोल रखना चाहिए और नाबालिग लड़कों को युवा लड़कियों और महिलाओं और उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सुनवाई शुरू की। दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों को अपनी निजी राय व्यक्त नहीं करना चाहिए। ऐसा आदेश किशोर वय अधिकारों का हनन है।

**बुरहानपुर जिले को प्रथम राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कारों में 'स्पेशल मेंशन अवार्ड-2023' से नवाजा गया**

प्रतिदिन लगभग 20 से 30 मीट्रिक टन केले दुबई, तुर्की और बहरीन तक जा रहे

## केले से चिप्स ही नहीं पावडर, राखियां और 'सेनेटरी नेपकिन' तक भी बन रहे

शाहपुर खकनार निमंदड बुरहानपुर सहित करीब 30 हजार हेक्टेयर में केला होता है। 15 हजार किसान इसकी फसल से जुड़े हुए

अशोक सोनी ▸▸ बुरहानपुर

हरिभूमि विशेष

नव वर्ष-2024 का तीसरा दिन बुधवार बुरहानपुर जिले के लिए नवीन उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के प्रयास एवं जिले की पहचान एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत मुख्य फसल केले का उत्पादन बढ़ाने, व्यापार बढ़ाने, प्रसंस्करण क्षेत्र में विशेष कार्य करने ▸▸ शेष पेज 2 पर

■ नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल सम्मानित हुईं





### रेलवे स्टेशन पर स्टॉल लगाया गया

*कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 'हरिभूमि' को बताया कि जहां जिले की मुख्य फसल केले के रेशे से विभिन्न उत्पाद तैयार करने के लिए महिलाओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत प्रारंभिक तौर पर ही केले की गुणवत्ता को पहचानने केले के तने से रेशे निकालना प्रमुख है। हमने जिले में केले के विक्रय को बढ़ाने के लिए एक जिला-एक उत्पाद के तहत रेलवे स्टेशन बुरहानपुर पर स्टॉल लगाया गया है। वहीं जिले में केला पैकिंग एवं ग्रेडिंग की यूनिट्स स्थापित की गई है। जिसके* ▸▸ शेष पेज 2 पर

## जैकेट का शेष

### ताकि, परिंदों को मिले ...

कठफोडवा, नीलकंठ, पंडुक, परोकी, फूलचूशी, बगुला, कौवा, तोता और मैना जैसी पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए स्वप्निल ने अपना नया प्रकल्प 'पक्षी निलय' शुरू किया। भारतीय पक्षियों की 182 प्रजातियों को आईयूसीएन की लुप्तप्राय प्रजातियों की लाल सूची में डाल दिया है, जो खतरनाक संकेत है। उन्होंने इस बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में पक्षियों का आशियाना बनाया और अब उन्हें औषधीय पौधों की तरह स्कूल और घरों में वितरित करेंगे। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर इंदौर के जीजाबाई शासकीय (स्वशासी) स्नातकोत्तर कन्या अग्रणी महाविद्यालय से करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हम पक्षियों को प्राकृतिक घोंसला नहीं दे सकते तब तक कृत्रिम घर देकर उनके पलायन को रोक सकते हैं।

### आदर्श होगी लाल...

योजना बनाई जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को ग्वालियर में कही। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर स्थित लाल टिपारा आदर्श गोशाला के टीन शेड और सीसी रोड कार्यों का लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गो पूजन कर गायों को शेड में प्रवेश कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श गोशाला के अध्ययन के लिए अन्य नगर निगम से दलों को भेजा जाएगा। उन्होंने लाल टिपरा गोशाला के लिए पांच करोड़ रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआर फंड से 31 करोड़ रुपए की लागत से सीएनजी प्लांट भी यहां बनाया जा रहा है जिसमें 7 करोड़ की सीएनजी का उत्पादन होगा, जिससे नगर निगम के वाहन चलेंगे। इससे गोशाला को आय भी होगी और उसके संचालन के लिए अतिरिक्त रूप से राशि भी उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो भी व्यक्ति अपने घर में गो पालन कर रहा है वे सभी गोपाल हैं। गो माता में हमारे 33 करोड़ देवी देवता भी विराजमान हैं। भारत एक सनातन भूमि है और इसे स्वर्ग बनाने में संतों का ही एकमात्र योगदान है। विश्व के सभी देशों की समस्या है कि उनके कोई संत नहीं हैं और हमारे यहां संतों के प्रताप से हर अधूरे काम पूरे हो जाते हैं। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, संत अच्युदानंद, संत समाज और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्वालियर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन आभार यात्रा में जनता के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी पुष्प वर्षा कर आम जनता के प्रति सरकार की ओर से आभार व्यक्त किया। जन आभार यात्रा के समापन स्थल सात नंबर चैराहा मुरार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्थानीय निवासियों ने फलों से तौलकर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। सिंधिया भी उनके साथ जन आभार यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जन आभार यात्रा गोले के मंदिर से शुरू हुई और काल्पी ब्रिज होते हुए सात नंबर चौराहा मुरार तक पहुंची।

### जबलपुर कलेक्टर को ...

एसपी रहे अखिल पटेल के खिलाफ शिकायत के मामले पर तत्कालीन सरकार ने हटा दिया था। कई महीनों तक पीएचक्यू में भी अटैच किया था। फिर, हालांकि अखिल पटेल को पीएचक्यू में काम सौंप दिया था। सरकार ने फिर से अखिल पटेल पर भरोसा जताया है और उन्हें डिंडौरी एसपी बनाकर भेजा है।

### भारत ने दूसरा...

इंडियन टीम ने मेजबान देश को 7 विकेट से मात दी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरा टेस्ट मैच दूसरे सत्र में ही समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। मेजबान टीम पहली पारी में मात्र 55 रन पर ऑल आउट हो गई थी। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट चटकाए थे। बुमराह और सिराज को दो-दो विकेट मिले थे। भारत की पहली पारी 153 सिमट गई थी। भारत को पहली पारी में 98 रन की मामूली बढ़त मिली थी। पहले दिन दोनों टीमें 40-40 ओवर भी नहीं खेल सकी। पहले ही दिन साउथ अफ्रीका को दूसरी पारी खेलने के लिए उतरना पड़ा। भारतीय गेंदबाजों ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका के तीन विकेट गिरा लिए थे। पहले दिन 23 विकेट गिरे थे। दूसरे दिन का खेल शुरू होने पर जसप्रीत बुमराह का कहर देखने को मिला। दूसरे सत्र की शुरुआत तक साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 175 रन बनाकर सिमट गई।

**केप टाउन में मिली भारत को पहली जीत:** भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत की। रोहित और जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 5.4 ओवर में 44 रन की साझेदारी हुई। हालांकि, भारत ने जीत तक पहुंचते-पहुंचते अपने तीन विकेट खो दिए। आखिरकार 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस ने चौका जड़कर भारत को 7 विकेट से जीत दिला दी। भारत ने केप टाउन में अपनी पहली जीत दर्ज की।

### मंदिर की हर मंजिल...

250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी। मंदिर का निर्माण तीन मंजिला किया जा रहा है। हालांकि प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान केवल एक मंजिल तक ही निर्माण पूर्ण हो पाएगा। बकाया अन्य दो मंजिल का निर्माण इस साल के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है। मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की तरफ होगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार होंगे। मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा। इसके साथ ही मंदिर में 5 मंडप होंग। जोकि नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप के नाम से जाने जाएंगे। मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70% क्षेत्र सदा हरित रहेगा।

### मंदिर में प्रवेश पूर्व...

होगी। परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा। इसके साथ ही मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा। मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे। दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है एवं तथा वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है।

## पेज एक का शेष

### लाइफ जैकेट...

लगाई और गहरे पानी के अंदर स्नॉर्कलिंग की। मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र किनारे अपना समय बिताया। उन्होंने बीच पर शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। उन्होंने समुद्र किनारे मॉर्निंग वॉक किया, जिससे लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति संदेश देता है। लक्षद्वीप की सुंदरता दिखाने के अलावा पीएम मोदी ने वहां के लोगों से मुलाकात की। पीएम ने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करके अच्छा लगा। उन्होंने वहां के लोगों से बेहतर स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, बेहतर कृषि पद्धतियों समेत अन्य चीजों पर बात की।

### इस लिए बढ़ी सर्दी, ...

होगी। इन संभाग के जिलों में सर्दी बढ़ेगी। शुक्रवार को शाम 7 बजे भोपाल में तेज बारिश हुई और बाद में रुकरुक बारिश होती रही। शहडोल संभाग के जिलों तथा रीवा, सतना, डिंडौरी, नरसिंहपुर, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और इंदौर जिलों में कहीं कहीं बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं।

### आज भी यही रहेगा...

शुक्ला के अनुसार अगले दो से तीन दिन प्रदेश में बारिश, घना कोहरा, धुंध और तेज सर्दी का असर रहेगा।

### रामलला, निषादराज...

टिकट जारी किया था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मुख्य कार्यक्रम एक घंटे चलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट की ओर से भेजे गए निमंत्रण कार्ड में प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11.30 से 12.30 दिया गया है। शुभ मुहूर्त 12.20 बजे का है। 12 बजकर 29 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम लला को दर्पण दिखाएंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी दिखाना होगा। उनका सामान, मोबाइल व बैग रखने के लिए 12 हजार लॉकर भी बनाए गए हैं।

### बजरंग दल कार्यकर्ता...

किया। उन्होंने हमलावरों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। समझाइश के बाद वह वहां से हटे। हमलावरों के बारे में जानकारी नहीं मिली है। विवाद धक्का-मुक्की को लेकर हुआ था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज निकाल रही है। घटना गुरुवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे महू नाका की बताई जा रही है। गोमा की फेल निवासी शुभम नरेंद्र रघुवंशी दोस्तों के साथ बाबा रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी देखने गया था। शुभम बजरंग दल कार्यकर्ता बताया जा रहा है। बताते हैं फेरी अन्नपूर्णा वाले रास्ते की तरफ जा रही थी तो धक्का-मुक्की को लेकर विवाद हो गया। चाकू लेकर आए एक बदमाश ने शुभम के गले में चाकू मार दिया। उसका साथी कृष्णा भी घायल हुआ। साथी शुभम को अस्पताल ले गए लेकिन उसकी मौत हो गई। शुभम मालवा मील के समीप बिरयानी की दुकान लगाता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि क्या यह आपसी रंजीश का मामला तो नहीं है।

### जीएसटी कलेक्शन...

डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जीएसटी राजस्व के रिकॉर्ड संग्रहण की उपलब्धी पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और वाणिज्यक कर विभाग की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने आगे लिखा कि साथ ही हमारे प्रदेश के सभी करदाताओं को भी उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद। मुख्यमंत्री ने लिखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था के अपने ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति में मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जानकारी देते हुए लिखा कि प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी राजस्व संग्रहण का नया रिकॉर्ड बनाया है। वाणिज्यिक कर विभाग ने माह दिसंबर 2023 में 3304 करोड़ रुपए जीएसटी राजस्व प्रापत किया है। यह राशि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद किसी भी माह में प्राप्त सर्वाधिक राजस्व है। वाणिज्यिक कर विभाग की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रदेश के कर्मठ करदाता, कर सलाहकार, चार्टर्ड एकाउंटेंटस एवं विभागीय अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

### इंफाल से शुरु होकर...

कहा कि राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर अपने विचार जनता के सामने रखेंगे। रमेश ने दावा किया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किमी लंबी भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई थी।

### केले से चिप्स ही...

के लिए बुरहानपुर जिले को प्रथम राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कारों में 'स्पेशल मेंशन अवार्ड-2023' से नवाजा गया है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल को इसके लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बुरहानपुर में केले के चिप्स ही नहीं, पावडर व राखियां भी बनते हैं। इसके अलावा साज-सज्जा की वस्तुएं, घरेलू सामान-चटाई, पर्स, टोकरियां, पायदान सहित अन्य उत्पाद भी बन रहे हैं। कलेक्टर भव्या मित्तल ने बताया कि जिले में केले के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए 25 रायपेनिंग चेंबर्स एवं विभिन्न बनाना चिप्स यूनिट्स स्थापित की गई है। जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को केले के रेशे से सेनेटरी नेपकिन तैयार करने का प्रशिक्षण सहित हस्तशिल्प कला में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जिला प्रशासन सदैव प्रयासरत है।

### रेलवे स्टेशन पर...

माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20 से 30 मीट्रिक टन केले दुबई, तुर्की, बहरीन एवं अन्य देशों में निर्यात किए जाते हैं। वहीं, देश के विभिन्न राज्यों में भी केले की आपूर्ति की जाती है।

मध्य प्रदेश की शानदार जीत

## मणिपुर को 263 रन के बड़े अंतर से हराया

भोपाल की सौम्या नाबाद 54 और निकिता सिंह ने ठोके 45 रन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीनियर महिला लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट के अंतर्गत सीएपी गाउड - 4 पुडूचेरी में खेले गए मैच में मध्य प्रदेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित निर्धारित 50 ओवर में 4 विकेट के नुक्सान पर 350 रन बनाए। मप्र की ओपन बैटर पूनम खेरनार 117 तथा अनुष्का शर्मा ने शानदार 103 बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद भोपाल की बेटर कप्तान निकिता सिंह 45 रन और सौम्या तिवारी 54 नाटआउट ने मैच को 350 रन तक पहुच दिया। मणिपुर की गेंदबाज मोनिका ने तीन व मंगलाशन ने एक विकेट लिया।

जवाबी पारी खेलते हुए मणिपुर की टीम 48.2ओवर में 10 विकेट खोकर 88 रन ही बना सकी, जिसमें कल्पना 19ने मोनिका ने1 1 निरूता ने 10 रन बनाए। मध्य प्रदेश की गेंदबाज वैष्णवी शर्मा ने 3, मंजरी ने 2, सलोनी ने 1 व भोपाल की प्रीति यादव ने10 ओवर में सिर्फ 2 रन देकर 1 विकेट लिया।

## आयुष के 58 रन की मदद से डीसीसी इलेवन अगले दौर में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 1100 क्वाटर्स स्थित एमसीसी खेल मैदान पर 3 जनवरी से टेनिस बॉल रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच डीसीसी-11 और बाबड़िया इलेवन के बीच हुआ। जिसमें डीसीसी-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आयुष नेगी के 58 रन की मदद से निर्धारित 8 ओवर में 128 रन बनाए। बाबड़िया इलेवन की टीम निर्धारित ओवर में 74 रन ही बना सकी और 54 रन से मैच हार गई। डीसीसी 2 के आयुष नेगी को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत गया।






### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक












## मोहाली में जीती ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप

## मप्र बॉक्सिंग अकादमी की बॉक्सर ने जीते 6 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र बॉक्सर अकादमी की बॉक्सर ने मोहाली चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 29 दिसंबर 23 से 1 जनवरी 24 तक चली साउथ और वेस्ट जोन (महिला) ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप जीती। बॉक्सर ने इस प्रतियोगिता में 6 पदक हासिल किए। इनमें 48-50 किग्रा भार वर्ग में मलिका ने गोल्ड, 57 से 60 किग्रा भार वर्ग में माही लामा ने रजत, 70-75 किग्रा में जिज्ञासा ने रजत, 50-52 किग्रा में आयुषी ने कांस्य, 63-66 किग्रा में भव्या ने कांस्य एवं 81+किग्रा में भव्या ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही विनती मनका टोटल 8 महिला बॉक्सर ने इंद्रा यूनिवर्सिटी एलपीयू यूनिवर्सिटी झलेंदर में ऑल क्वालिफाई किया।

## पंजाब-हरियाणा को हराकर सेमीफाइनल में सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ऑल इंडिया बॉक्सिंग चैंपियंस मोहाली में सौरभ यादव ने 92 किलो भार वर्ग में पंजाब व हरियाणा की यूनिवर्सिटी को अपने ओपनेंट को पछाड़कर सेमीफाइनल प्रवेश किया।

गौरतलब है कि सौरभ यादव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। सौरभ योर यूथ में लूथिनिया में अपना प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त कर चुके हैं।

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कारोबार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5385



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5384 का हल



### सूडोकू सवाल- 5395

सरल



# स्कोडा ऑटो ने की दो साल में 1 लाख से अधिक कारों की बिक्री

## कारों की बिक्री ने तोड़ दिए सारे रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 1 लाख से ज्यादा कारों की ब्रिक्री कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश्वस्तरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लांच किए गए थे।



### एक जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक 48,755 कारों की बिक्री दर्ज


इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था। कुशाक और स्लाविया जैसी कारों की बड़े पैमाने पर लांचिंग के बाद 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 में सप्लाई के मुद्दों और अन्य परेशानियों की वजह से इस बिक्री की रफ्तार में थोड़ी कमी आई। इस स्थिति को पूरी तरह ठीक करने की दिशा में स्कोडा ने 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक 48,755 कारों की बिक्री दर्ज की।

### सेल्स और आफ्टर-सेल्स सर्विसेज की क्वालिटी में सुधार

*स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहाकि 2022 में कारों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री के बाद हमारे लिए 2023 में बिक्री की उस रफ्तार को बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण था। हमने 2023 में अपने प्रॉडक्ट्स में लगातार सुधार कर अपनी स्थिति को मजबूत बनाने की ओर ज्यादा ध्यान दिया। हमने अपने नेटवर्क का विस्तार किया और उपभोक्ता को और ज्यादा संतुष्ट करने के लिए सेल्स और ऑफ्टर-सेल्स सर्विसेज की क्वॉलिटी में सुधार किया। यह सभी कस्टमर्स हमारी ह्यूमन टच फिलॉस्फी से जुड़े है, जिससे हम अपने उपभोक्ताओं की सभी जरूरतें पूरी करते हैं। साल की पहली छमाही तक सप्लाई में आ परेशानियों के बावजूद हमने यह सुनिश्चित किया कि हम 2023 की अंतिम छमाही का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। 2024 में अपनी मौजूदा रेंज के साथ हमारे पास अपने उपभोक्ताओं के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स के विकल्प है। हमने नए प्रॉडक्ट्स की लॉन्चिंग की घोषणा भी की।*


## खबर संक्षेप

### पी बालाजी एयर इंडिया के ग्रुप प्रमुख नियुक्त



**गुरूग्राम।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने पी बालाजी को कॉरपोरेट मामलों का ग्रुप प्रमुख नियुक्त किया है। बालाजी 11 जनवरी 2024 को एयर इंडिया में अपनी भूमिका संभालेंगे और एयर इंडिया के सीईओ और एमडी, कैंपबेल विल्सन को रिपोर्ट करेंगे। वह एयर इंडिया में सरकारी मामलों, कानूनी, नैतिकता, स्थिरता और कॉर्पोरेट संचार कार्यों की देखरेख करेंगे।

### आईटेल ने लांच किया ए70, कीमत 7299 रुपए



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड आईटेल ने 7299 रुपए की कीमत पर 256 जीबी स्टोरेज और 12 जीबी रैम वाले भारत के पहले स्मार्टफोन का लांच किया है। इस कदम के साथ कंपनी अपनी ए-सीरीज़ का विस्तार करते हुए उपभोक्ताओं के व्यापक स्टोरेज समाधान उपलब्ध कराने जा रही है। बड़ी मैमोरी से युक्त आईटेल ए70, 6.6 इंच के एचडी डिस्प्ले तथा सहज यूज़र इंटरफेस के साथ आता है।

### आरोहण की डिजिटल माइक्रो फाइनेंस सेवा पेश

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित एनबीएफसी-एमएफआई, आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड अब देशभर के सभी योग्य माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए अपनी पहली डिजिटल माइक्रोफाइनेंस सेवा आरोहण प्रिविलेज लेकर आ रही है। इसका मुख्यालय कोलकाता में है और यह कुल 18 राज्यों में काम करती है। अब जल्द ही यह भारत के दक्षिणी हिस्सों में भी अपना विस्तार करेगी।

### एक हजार इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए समझौता

**मुंबई।** सार्वजनिक परिवहन के साधनों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण करने वाली कंपनी ग्रीनसेल मोबिलिटी और प्रमुख ईवी और टेक्नोलॉजी कंपनी ईकेए मोबिलटी ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत ईकेए मोबिलटी ग्रीनसेल मोबिलटी को अगले कुछ सालों तक 12 मीटर और 13.5 मीटर की श्रेणी में 1000 इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों की सप्लाई करेगा। ग्रीनसेल मोबिलिटी के एमडी और सीईओ देवेंद्र चावला ने कहा कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे ईकेए मोबिलिटी के साथ साझेदारी की घोषणा की।



## व्यापारी खुश : रात 11 बजे सभी बाजार और दुकानें बंद कराने का स्वागत

# लोग भय मुक्त होंगे, अपराधों पर अंकुश लगेगा और कानून व्यवस्था में होगा सुधार

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सभी तरह की बाजार और दुकानों को रात 11 बजे तक बंद किए जाने के फरमान का चौतरफा स्वागत हो रहा है। व्यापारी हो या उद्योगपति, समाजसेवी हो या फिर आम आदमी सभी मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत कर रहे हैं। सभी ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस आदेश का सख्ती से पालन हो।

अगर ऐसा हुआ तो अपराधों पर अंकुश लगेगा और कानून व्यवस्था में होगा सुधार और आमआदमी भय से मुक्त होगा। मगर मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सरकारी तंत्र ही माखौल उड़ा रहे हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन 11 बजे बाजार, सभी तरह की दुकानें बंद कराने में समानता नहीं दिखा रहे हैं। लोगों ने कहाकि नए भोपाल में तो 11 बजे तक सभी बाजार बंद हो रहे हैं, लेकिन पुराने भोपाल में आदेश का असर बेअसर दिख रहा है।

### रात में गुंडागर्दी और नशेड़ियों का जमावड़ा खत्म होगा




### निर्णय शराब की दुकान, बार और होटलों में समान रूप से लागू हो

भोपाल सराफा महासंघ के प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल के अनुसार शासन के इस निर्णय से अपराधों पर अंकुश लगेगा और कानून व्यवस्था में सुधार होगा। सरकार ने 11 बजे दुकानें बंद करने की जो व्यवस्था लागू की है यह व्यवस्था बाइंग शॉप, शराब की दुकानें, बार और होटलों में समान रूप से लागू कराया जाए।

### पुराने भोपाल के लोगों में देर रात तक दुकान खोलने की है आदत

भोपाल किराना व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील पंजाबी के अनुसार मुख्यमंत्री के आदेश का सख्ती से पालन अभी जिला प्रशासन द्वारा नहीं कराया जा रहा है। पुराने भोपाल में लोगों में देर रात तक दुकान खोलने की गंदी आदत है। अतः प्रशासन शहर व्यवस्था में सुधार कराना चाहता है तो यूपी की तर्ज पर सख्त कारवाई करें।

### सरकार के इस आदेश का सख्ती से पालन हो

दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ के महासचिव हरीश चोइथानी ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने रात्रि 11 बजे बाजार बंद रखने का आदेश जारी किया था,लेकिन पुराने भोपाल सहित कुछ अन्य जगहों पर इस आदेश का पालन नहीं हो रहा था। इस बार अगर सरकार के इस आदेश का सख्ती से पालन कराती है तो वो स्वागत योग्य कदम है। नियम सभी के लिए बराबर होने चाहिए। भोपाल के कई इलाकों में देर रात तक दुकानें खुली रहती हैं, देर रात तक दुकानें खुलने से कानून व्यवस्था पर असर पड़ता है। इसीलिए ये कदम उठाया जाना आवश्यक है।

### चाय, पान और होटलों में असामाजिक तत्वों का लगता है जमावड़ा

लोहा व्यापारी शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से यह निर्णय उचित है। सामान्यतः समाज का अच्छा वर्ग अपने सभी कार्य निपटाकर रात में जब आराम करता है तभी आसामाजिक तत्व चाय, पान और होटलों की दुकानें पर जमावड़ा बनाते हैं। इससे शहर में अपराध भी बढ़ते हैं। मध्यप्रदेश सरकार का यह निर्णय सभी प्रकार की दुकान पर लागू हो। ताकि अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण हो।

### आम जनता में व्याप्त भय खत्म होगा

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 के अनुसार 11 बजे बाजार बंद का निर्णय बहुत ही उचित निर्णय है। इससे रात्रिकालीन गुंडागर्दी खत्म होगी, नशेड़ियों का जमावड़ा खत्म होगा, आम जनता में व्याप्त भय खत्म होगा। अतः प्रशासन बाजारों के साथ बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन और अस्पतालों के सामने की दुकानों को भी बंद कराए।

## उड़द और मसूर में भी होगी यह व्यवस्था

# किसान अब समर्थन मूल्य से कम दाम पर अरहर बेचने को मजबूर नहीं होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अरहर किसानों को उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि केंद्र सरकार ने अरहर को कम से कम एमएसपी पर खरीदने की व्यवस्था की है।

इसके लिए अरहर किसानों को उपज आने से पहले पंजीयन कराना होगा। सरकार जल्द ही उड़द व मसूर के लिए भी यह व्यवस्था करने वाली है।

इस बात की घोषणा केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दलहन में आत्मनिर्भरता विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन और अरहर उत्पादक किसानों के पंजीकरण, खरीद एवं भुगतान के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) व भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) द्वारा विकसित ई-पोर्टल के लोकार्पण के दौरान की। भारत सालाना 25 से 30 लाख टन दालों का आयात करता है।

### किसानों को दलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत को दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है। इसके लिए किसानों को दलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा, लेकिन कई बार किसान उनकी उपज का कम दाम मिलने के कारण दलहन की खेती करने से हिचकते हैं। सरकार ने आज किसानों की इस समस्या को दूर करने के लिए और किसानों को उनकी उपज खासकर अरहर का दाम दिलाने की व्यवस्था की है। नेफेड और एनसीसीएफ ने अरहर किसानों के पंजीकरण, खरीद व भुगतान के लिए ई-पोर्टल लांच किया है।

### बाजार मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था

केंद्र सरकार अरहर की तर्ज पर उड़द व मसूर को भी कम से कम एमएसपी पर खरीदने की व्यवस्था जल्द करेगी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अभी अरहर को एमएसपी व इससे अधिक औसत बाजार मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की गई है। आगे चलकर जल्द ही उड़द व मसूर के लिए भी यही व्यवस्था की जाएगी। नेफेड व एनसीसीएफ इस संबंध में काम कर रहे हैं ।

# गिरावट को लगा ब्रेक, शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स 71,800 के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल में शेयर बाजार में जारी गिरावट पर आज ब्रेक लग गया है। आज सेंसेक्स और निफ्टी में सुबह से तेजी देखने को मिली है।

आज सेंसेक्स 490.97 अंक की छलांग के साथ 71,847.57 अंक पर और निफ्टी 141.25 अंक के लाभ से 21,658.60 अंक पर बंद हुआ है। शेयर बाजार के टॉप गैनर्स में बजाज फाइनेंस, टाटा कंज्यूमर, एनटीपीसी और ओएनजीसी के शेयर शामिल रहे, जबकि टॉप लूजर में बीपीसीएल, एलटीआई माइंडट्री, डॉक्टर रेड्डीज लैब्स और एचसीएल टेक के शेयर शामिल हैं। सेंसेक्स आज सुबह 71,678.93 के स्तर पर खुला था। इसके बाद से इसमें तेजी देखने को मिली।

दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,954.79 के हाई लेवल को भी टच किया। जानकारों के मुताबिक बाजार में आगे भी तेजी जारी रह सकती है। बाजार में निवेशकों की अच्छी खरीदारी देखने को मिल रही है। इधर अडानी ग्रुप की नौ लिस्टेड कंपनियों में से 5 के शेयरों में तेजी दर्ज की गई है। वहीं एनडीटीवी, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर हल्की गिरावट के साथ बंद हुए हैं।

## 129 रु. से कम मूल्य के स्क्रू आयात पर रोक

# मोदी सरकार ने अब चाइनीज 'स्क्रू' पर लगाया प्रतिबंध



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कभी देश में खिलौनों, बिजली के सामानों आदि पर चाइना का एक छत्र राज हुआ करता था। सरकार ने धीरे-धीरे इस पर ध्यान दिया। देशी उद्योग को बढ़ावा दिया। चाइना से इसके सस्ते इंपोर्ट पर प्रतिबंध लगाया। इसका असर दिखने लगा।

अब देश में खिलौने की पूरी इंडस्ट्री डेवलप हो गई है। यह न सिर्फ देशी बाजार की मांग पूरी कर रहा है बल्कि इसका एक्सपोर्ट भी शुरू हो गया है। अब बारी स्क्रू की है। सरकार ने चाइना एवं कुछ अन्य देशों से स्क्रू के सस्ते आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। उम्मीद की जा रही है कि इससे देशी इंडस्ट्री को तो बढ़ावा मिलेगा ही, इसकी डंपिंग से भी निजात मिल जाएगी। केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम काम करने वाले डायरेक्टर जनरल फॉरेन ट्रेड ने इस आशय की अधिसूचना जारी की। इस अधिसूचना के मुताबिक अब 129 रुपए प्रति किलो से कम कीमत वाले स्क्रू का आयात प्रतिबंधित कर दिया गया है। पहले इस तरह के स्क्रू का आयात फ्री था। इस इसे रिस्ट्रिक्टेड श्रेणी में डाल दिया गया है।

बताया जाता है कि सस्ते स्क्रू के आयात पर प्रतिबंध लगाने का मकसद स्क्रू के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देना है। अभी तक इसका इंपोर्ट फ्री था तो व्यापारी सस्ते में चाइना, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, बेल्जियम आदि देशों से इसका आयात कर लेते थे।

जब बाजार इंपोर्टेड सस्ते स्क्रू से पट जाता था तो घरेलू स्क्रू को कौन पूछता। इसलिए सरकार को ऐसा कदम उठना पड़ा। सरकार ने जो प्रतिबंधित उत्पादों की सूची जारी की है, उसमें कोच स्क्रू, मशीन स्क्रू, लकड़ी के स्क्रू, हुक स्क्रू और सेल्फ-टैपिंग स्क्रू शामिल हैं।

### एयर इंडिया और स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस




**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कैट-3 मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले पायलटों को रोस्टर करने के लिए एयर इंडिया और स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीजीसीए ने कहा कि 24-25 दिसंबर और 27-28 दिसंबर को कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे की ओर जाने वाली 50 से अधिक उड़ानों का मार्ग परिवर्तित करने के बाद यह नोटिस जारी किया गया।




## बिजनेस न्यूज

### भाभा विश्वविद्यालय में मनाया जाएगा सात दिवसीय राष्ट्रीय गणित सप्ताह



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय भोपाल के अंतर्गत आरकेडीएफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा सात दिवसीय (3 से 9 जनवरी 2024 तक) राष्ट्रीय गणित सप्ताह मनाया जा रहा है जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिलीप कुमार डे के करकमलों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिसे राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (डीएसटी) नई दिल्ली और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल द्वारा वित्त पोषित किया गया है। सुश्री अनुराधा शेषाद्री, ट्रेनर, एसआईपी, भोपाल का खेल-खेल में गणित को रोचक कैसे बनाएं पर व्याख्यान केंद्रित रहा। कार्यक्रम का विस्तृत विवरण कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अशोक कुमार झाला प्राचार्य आरकेडीएफ टेक्नोलॉजी द्वारा दिया गया एवं संचालन प्रो.सत्यार्थ तिवारी, कार्यक्रम के सहसंयोजक ने किया। कार्यक्रम का विस्तृत विवरण डॉ. अशोक कुमार झाला, कार्यक्रम के संयोजक एवं प्राचार्य आरकेडीएफ टेक्नोलॉजी भोपाल द्वारा दिया गया एवं संचालन प्रो. सत्यार्थ तिवारी कार्यक्रम के सहसंयोजक ने किया।

### आईआईएसईआर शोधकर्ताओं ने मस्टर्ड गैस सामग्री को किया विकसित



**भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के शोधकर्ताओं ने एक प्रभावी फोटोकैटलिस्ट विकसित किया है, जो प्रयोगशालाओं और उद्योगों में रासायनिक प्रक्रियाओं को तेज करने के लिए सौर ऊर्जा और प्रकाश की एक विस्तृत श्रृंखला को अवशोषित करता है। यह नया, सतत विकास रासायनिक युद्ध एजेंटों जैसे हानिकारक पदार्थों को डिटॉक्सिफाई करने के लिए एक अक्षय ऊर्जा स्रोत का उपयोग करने में योगदान देता है। रासायनिक युद्ध एजेंटों में'2-क्लोरोथाइल एथिल सल्फाइड' (सीईईएस) और तंत्रिका एजेंट जैसे मस्टर्ड गैस सिमुलेंट शामिल हैं, जो अत्यधिक जहरीले रसायन हैं जो किसी व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं। यह शोध फोटोकैटलिसिस के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है यह एक ऐसी प्रक्रिया है जहां प्रकाश के संपर्क में आने पर किसी पदार्थ (फोटो कैटालिस्ट) का उपयोग रासायनिक प्रतिक्रिया की दर को बदलने के लिए किया जाता है। जबकि विभिन्न उद्योगों में प्रभावी प्रकाश संचयन के लिए कई तरह के फोटोकैटालिस्ट का उपयोग किया जाता है, वे सभी में दोष हैं कि वे केवल प्रकाश के यूवी या उच्च-ऊर्जा वाले भागों को अवशोषित करते हैं, लेकिन आईआईएसईआर भोपाल के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित यह नया फोटोकैटलिस्ट इस समस्या का समाधान करता है। यूसी-पीओपी-एयू नामक यह नव-विकसित सामग्री उल्लेखनीय शक्ति और उत्प्रेरक दक्षता प्रदर्शित करती है क्योंकि यह प्रकाश के पूरे स्पेक्ट्रम को अवशोषित करती है जिससे यह रासायनिक प्रक्रियाओं के दौरान अधिक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन जाती है। शोध आईआईएसईआर भोपाल के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अभिजीत पात्रा और शिल्पी जायसवाल, डॉ. अर्काप्रभा गिरी, डॉ. दीपेंद्रनाथ मंडल और धुरिमा सरकार के सहयोग से किया गया है। जिसको हाल ही में प्रतिष्ठित जर्नल एंगेवंड्टे केमी में प्रकाशित किया गया है। प्रोफेसर अभिजीत पात्रा ने कहाकि वर्तमान शोध ने उन्नत प्रकाश-संचयन छिद्रपूर्ण कार्बनिक बहुलक नैनोकम्पोजिट सामग्री के विकास में एक नई दिशा का खुलासा किया है, जो प्राकृतिक सूर्य के प्रकाश की स्थिति में रासायनिक युद्ध एजेंटों के खिलाफ स्मार्ट सुरक्षात्मक कोटिंग्स को डिजाइन करने में संभावित अनुप्रयोगों को दर्शाता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर घटाने के साथ की प्रोसेसिंग फीस भी माफ

**भोपाल।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने होम लोन पर ब्याज दर घटा दी है। बैंक ने इंटरेस्ट रेट 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दी। बैंक ने ग्राहकों को नये साल के ऑफर के तौर पर ब्याज दर में यह कटौती की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि होम लोन के लिए प्रोसेसिंग चार्ज में भी कटौती की है। बैंक ने कहा कि कम ब्याज दर और होम लोन में प्रोसेसिंग चार्ज की छूट का दोहरा लाभ अपने सभी ग्राहकों को बेहतर वित्तपोषण समाधान प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बैंक ने कहा कि मौजूदा उच्च ब्याज दर के माहौल में बैंक ग्राहकों को खुश करने के लिए रिटेल लोन सस्ता कर रहा है। बैंक होम लोन पर बैंकिंग उद्योग में सबसे कम ब्याज दरों में से एक ऑफर कर रहा है। बैंक ने पहले ही अपने न्यू ईयर धमाका ऑफर के तहत होम, कार और रिटेल गोल्ड लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस माफ कर दी है।

### डीम्ड यूनिवर्सिटी में अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है, ये परीक्षाएं यूनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेंसटेस्ट), एसईटी- लॉजिसे सिम्बायो सिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) कहते हैं और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम (एसआईटीईईई)। इन परीक्षाओं का संचालन देशभर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इन परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे हर टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ नीचे दिए गए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिंक को एक्सेस कर सकते हैं। एसईटी- जनरल सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने एसईटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए आवेदन तकरीबन चार महीने तक जारी रहेंगे और महत्वाकांक्षी उम्मीदवार 12 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एसईटी का आयोजन रविवार 5 मई 2024 और शनिवार 11 मई 2024 को होगा।

### भारत को तेल बेचने के लिए लाइन लगाकर खड़े हैं कई देश

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से हो रहे आर्थिक विकास की वजह से ऊर्जा और कच्चे तेल के हम दुनिया में सबसे बड़े उपभोक्ता बने हुए हैं। ऐसे में जरूरत के हिसाब से कई देशों से कच्चे तेल का आयात होता है। इसमें रूस जैसे मित्र देश भी शामिल हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर चर्चा चल रही थी कि भारत का रूस से तेल आयात कम या लगभग खत्म हो गया है।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./04/तशा/प.यं./2023 — दिनांक : 01.01.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_323280_1 दिनांक 15.01.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं
म.प्र. माध्यम/113074/2024 — **परियोजना यंत्री**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला – रायसेन म.प्र.**
दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480- 407022 Email - cmomandideep@mpurban.gov.in
क्र./5267/न.पा.प./2024 — मंडीदीप, दिनांक 04.01.2024

// द्वितीय ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निवदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_312519_2 | STRENGTHENING/CONSTRUCTION OF CC RAOD AT DIRRFERENT WARD'S AT NAGAR PALIKA PARISHAD MANDIDEEP UNDER KAYAKALP YOJANA 2.0 | 1,80,65,000 | 90,325 | 12,500 | 22.01.2024 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

**प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल**, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
**पुष्पा प्रेमशंकर साहू**, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
**सुधीर उपाध्याय**, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंडीदीप

## चिंतन

# विश्वास के नए शिखर पर भारत-नेपाल संबंध

विदेश मंत्री एस जयशंकर की काठमांडू यात्रा भारत व नेपाल के संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। भारत व नेपाल के संबंध प्राचीन काल से प्रगाढ़ रहे हैं। जयशंकर नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' से मिले। इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। नेपाल, भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत उसका महत्वपूर्ण साझेदार है। नेपाल में चीनी हस्तक्षेप के चलते पूर्व नेपाली पीएम केपी ओली के समय भारत से खट्टे हुए संबंध प्रचंड के पीएम बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर पिछले साल 31 मई से 3 जून तक भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसी मुल्कों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। एस जयशंकर की इस दो दिनी यात्रा के दौरान भारत और नेपाल ने 4 जनवरी को एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बिजली निर्यात पर सहमति बनी थी। भारत सीमित मात्रा में नेपाल से बिजली खरीदता रहा है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति भी करता है। 1987 में गठित भारत-नेपाल संयुक्त आयोग दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है। जयशंकर का यह दौरा इसी सिलसिले में है। भारत और नेपाल एक खुली सीमा साझा करते हैं तथा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि, दोनों के संबंधों का आधार है। इस संधि के तहत नेपाली नागरिकों को भारतीय नागरिकों के समान ही सुविधाएं और अवसर प्रदान किये गए हैं। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाल से सैनिकों की भर्ती की जाती है, वर्तमान में नेपाल से लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवारत हैं। लगभग 80 लाख नेपाली नागरिक भारत में निवास और कार्य करते हैं। भारत, सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके नेपाली सेना को आधुनिकीकरण करने में सहायता कर रहा है। दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास में भी संलग्न हैं। भारत ने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, जल संसाधन, शिक्षा और ग्रामीण विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करके नेपाल के विकास में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई है। भारत ने सड़कों और रेल लिंक सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर नेपाल का सहयोग किया है। जल संसाधन, ऊर्जा और व्यापार में सहयोग भी आपसी संबंधों को मज़बूत कर रहा है। एक शानदार अतीत के बावजूद भारत-नेपाल संबंधों में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी जैसे कुछ क्षेत्र अनसुलझे हैं। नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि ये क्षेत्र ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समय से ही भारत का हिस्सा हैं। वर्ष 2019 में नेपाल ने उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख और सुस्ता (पश्चिम चंपारण जिला, बिहार) के क्षेत्र को नेपाल के क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था। चीनी प्रोपेगैंडा के चलते भारत के प्रति नेपाल के विश्वास में कमी आई है। विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास के नए शिखर पर पहुंचेगी।

# राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। कांग्रेस ने अपने वोट बैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। कांग्रेस के पास वोट बैंक बनाने को लेकर न कोई ठोस योजना नजर आई, न ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा है।

कोई शक नहीं है कि 22 जनवरी 2024 की तारीख देश के सांस्कृतिक क्षितिज पर नई इबारत दर्ज करने जा रही है। राम मंदिर को लेकर जारी आंदोलन की परिणति देश और दुनिया देख रही है। इसी आधार पर यह मानने से गुरेज नहीं है कि जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को वामपंथी इतिहासकार नकारते रहे हैं, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की स्थापना के साथ वह मूर्त रूप लेने की ओर अग्रसर है। इस पर भी संशय नहीं है कि अयोध्या में भगवान राम की चिर प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की राजनीति भी बदलने जा रही है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को इससे जुड़ी राजनीति को लेकर संशय है। राम मंदिर न्यास ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन के लिए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को बाकायदा निमंत्रित कर रखा है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अब तक फैसला तक नहीं ले पाया है कि उसे इस समारोह में शामिल होना चाहिए या उसे सिरे से नकार देना चाहिए।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने जो राजनीति शुरू की, शायद वही वजह है कि कांग्रेस ना तो राम मंदिर को स्वीकार कर पा रही है और न ही उसे खुलकर नकार पा रही है। राम मंदिर का ताला खोलने के अलावा कांग्रेस की जितनी भी कोशिशें रही हैं, वे राम मंदिर के विरोध में रही हैं। अलबत्ता इस विरोध के लिए वह राजनीति को धर्म से अलग करने का तर्क देती रही है, लेकिन जब संदर्भ अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लेकर आता रहा है तो सेकुलरवाद के नाम पर अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म आधारित राजनीति को तवज्जो देने से वह कभी नहीं हिचकी। अल्पसंख्यकवाद की उसकी राजनीति का एक रूप मनमोहन सिंह के बयान के रूप में देश देख और सुन चुका है। प्रधानमंत्री रहते मनमोहन सिंह कहने में नहीं हिचके थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है।

कांग्रेस ने आजादी के बाद अपने वोटबैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। राम मंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस की बजाय भाजपा से दो-दो हाथ करते नजर आए स्थानीय दलों मसलन समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। राम मंदिर आंदोलन के उभार के वक्त कांग्रेस ऊहापोह में रही। राष्ट्रीय दल होने के नाते उसे अल्पसंख्यक केंद्रित राजनीति की सीमा का भान था। इसीलिए वह राम मंदिर के खिलाफ वैसा कड़क



स्टैंड नहीं ले पाई, जैसा मजबूरी या मौके पर चौका मारने की नीयत से मुलायम और लालू ने लिया। इसलिए ये दोनों नेता अपने-अपने राज्यों में अल्पसंख्यकों के चहेते बन गए। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को ही हुआ। उसका पारंपरिक अल्पसंख्यक वोट बैंक हाथ से निकल गया। झीने आवरण में जारी उसके अल्पसंख्यकवाद की पोल राम मंदिर आंदोलन ने खोल दी तो उसका पारंपरिक सवर्ण विशेषकर ब्राह्मण वोट बैंक भी साथ छोड़ गया। उन्हीं दिनों दलितों के नए रहनुमा भी उभर आए तो दलितों ने भी कांग्रेस को टा-टा बाय-बाय दिया।


अव्वल तो कांग्रेस को उसी वक्त ऊहापोह से निकल कर मजबूत राजनीतिक रुख अख्तियार करना चाहिए था। कांग्रेस हमेशा अधूरे मन के साथ कभी अल्पसंख्यकवाद को मजबूत करने की ओर बढ़ती रही तो कभी सवर्णों को साधने की दिशा में आगे बढ़ी। उसके पास ठोस वोट बैंक बनाने को लेकर ना तो कोई ठोस योजना नजर आई, ना ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा दिखा। जब कभी राहुल कुर्ते के ऊपर से जनेऊ पहनकर मंदिर-मंदिर माथा टेकते नजर आए तो कभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए बहुसंख्यक वोटरों के हितों को किनारे रखते गए। गुजरात के 2017 के विधानसभा चुनावों में मंदिर-मंदिर माथा टेकना हो या फिर कर्नाटक के 2018 के चुनावों में मंदिरों का दर्शन करना हो या फिर लोकसभा चुनाव के वक्त देश के कथित सेकुलर रूप को बचाने का दावा हो, राहुल वाली कांग्रेस हर बार ऊहापोह में नजर आई।

यही ऊहापोह रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त भी दिख रहा है। इसकी मोटी वजह यह है कि कांग्रेस समझ नहीं पा रही है कि उसे राम का साथ देना चाहिए या नहीं। इसकी बड़ी वजह है कि बीते कर्नाटक चुनाव से कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक वोट बैंक थोक के भाव से लौट रहा है। इसका असर तेलंगाना में भी दिखा। कांग्रेस को यह भ्रम हो गया है कि उत्तर प्रदेश का नौ प्रतिशत और बिहार का 14 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसकी ओर लौट रहा है। कांग्रेस को लगता है कि असम का मुस्लिम वोटर भी उसी के पास लौटेगा। हालांकि आनुपातिक रूप से सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की हिस्सेदारी वाले पश्चिम बंगाल राज्य में कांग्रेस की स्थिति खास मजबूत नजर नहीं आ रही। वहां के मुस्लिम वोटरों की पहली पसंद अब भी ममता बनर्जी ही हैं। कांग्रेस को ऊहापोह में रखने में राहुल व प्रियंका के वामपंथी सलाहकार मंडल की राय भी है। हिंदुत्ववादी राजनीति के संदर्भ से वामपंथी सोच को सदा से परहेज रहा है, हालांकि अल्पसंख्यक राजनीति को लेकर उसकी धर्म केंद्रित राजनीति के विरोध का विचार पता नहीं कहां तिरोहित हो जाता है। राहुल और प्रियंका की वामपंथी सलाहकार मंडली भी इसी राय की है। इसलिए वह रामलला के विग्रह के प्राणप्रतिष्ठा समारोह से कांग्रेस को शायद दूर रहने की सलाह दे रही है। राममंदिर को लेकर अतीत में कांग्रेस और उसके कद्दावर नेताओं ने ऐसी गलतियां की हैं, जिनकी वजह से बहुसंख्यक वोटरों के बड़े हिस्से में नाराजगी रही। वर्ष 2012 में जयराम रमेश यह कहने से नहीं हिचके थे कि राम मंदिर से कहीं ज्यादा पवित्र शौचालय है। इन दिनों उनका यह बयान चर्चा में है और कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है। ऐसे उल-जलूल बयानों ने कांग्रेस को अक्सर नुकसान पहुंचाया है। राम मंदिर मुद्दे को केंद्रीय राजनीति की धुरी बनते देख लगता है कि कांग्रेस में भी दुविधा बढ़ रही है। अब कांग्रेस के कुछ बाहरी सलाहकार उसे सलाह देने लगे हैं कि अगर कांग्रेस को बने रहना है तो रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए। अगर कांग्रेस शुरू से राम मंदिर को लेकर ऊहापोह की बजाय एक संतुलित रुख अख्तियार करती तो सियासी रूप से मजबूत होती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



नटराज मंदिर तमिलनाडु के चिदंबरम के बीच में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और भगवान विष्णु को समर्पित है। भगवान शिव के तांडव नृत्य की मूर्ती को नटराज नाम दिया गया है जोकि भारत में नृत्य की स्थापना के लिए सबसे खास मानी जाती है।

विकास
संजीव ठाकुर



# नवप्रवर्तन जारी रहे

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं। उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो। वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार ने न सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। नवप्रवर्तन में बदलाव की शक्ति है।

(लेखक स्तंभकार व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञः जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### फिटनेस का संकल्प जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में हमें फिट रहने का संदेश दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने कुछ सेलिब्रिटी को भी शामिल किया। इन सेलेब्रिटीज ने अपनी फिटनेस का मंत्र बताया। प्रधानमंत्री ने नववर्ष के संकल्प के लिए कहा कि हमें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का फिट इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब हम ऐसा संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की इस मुहिम में सबको शामिल होना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है। जो समय पर रात को सोता है, सुबह समय पर उठकर प्रकृति से जुड़ता है, वह सारा दिन अपनी दिनचर्या स्फूर्ति से बिताते हुए अपने हर काम निपटाता है।

*–पंकज चतुर्वेदी, सरायपाली*

## ट्रेंड

### पांच चीज़ें बहुत जरूरी



किसी भी देश की ग्रोथ करने के लिए, उन्नति करने के लिए के लिए पांच चीजें बहुत जरूरी है। इनको आप पंचतंत्र कह सकते है। ख़ुशी की बात है की आज के दिन वर्तमान भारत में वह पांचो चीज़ें स्थापित हैं।

-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### बड़ी उपलब्धि



नामीबिया से लाई गई चीता 'आशा' के तीन शावकों को जन्म देने से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह परियोजना पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### समन ग़ैर क़ानूनी



ये मुझे गिरफ़्तार करना चाहते हैं। मेरी सबसे बड़ी सम्पति मेरी ईमानदारी है। ये फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा है, मेरे वकीलों ने कहा है ये समन ग़ैर क़ानूनी है।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### बहुत आभारी हूं



अपनी मिट्टी, अपना देश कैसा भी हो, अपने लिए घर जैसा होता है। जब भी कोई इसे छोड़ कर जाता होगा। उसका दिल इसी तरह का कोई गीत गाता होगा। चल वे वतना. ..फिर मिलेंगे। बैठकर लंबी... बात करेंगे। इस मधुर कृति के लिए बहुत आभारी हूं।

-शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

# चुनाव से बांग्लादेश के भविष्य को खतरा



बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' की विजय पक्की मानी जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित हो सकता है। वर्ष 2014 और 2018 के पिछले दो चुनावों के साथ कुछ समानताओं के बावजूद वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद का परिदृश्य अलग होने की संभावना है। अपने लगातार चौथे कार्यकाल में हसीना के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ,दोनों तरह की कठिन चुनौतियां होंगी, जिनका देश के आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक पथ पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2024 के चुनाव की राह साजिश, विपक्ष पर कार्रवाई, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, हिंसा और राज्य तंत्र के दुरुपयोग से भरी है। यहां तक कि न्यायपालिका भी मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' को मुकाबले से बाहर रखने के लिए सक्रिय हो गई है, लेकिन इसके बावजूद चुनाव को इस तरह पेश किया जा रहा है कि इसमें सभी की सहभागिता है। सवाल यह है कि क्या मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करेंगे। जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 2014 में चुनाव का बहिष्कार किया था तो कम मतदान हुआ, जिससे लोकप्रिय जनादेश हासिल करने का अवामी लीग (एएल) का दावा कमजोर हो गया।

## ऑफ बीट

# डरे होने पर हम कैसे और क्या सीखते हैं?



हममें से कई लोगों को परिवार के किसी सदस्य, शिक्षक या बॉस द्वारा चिल्लाने या धमकाने की स्पष्ट याद है। इस तरह के डराने वाले अनुभव अक्सर हमारी स्मृति में अंकित हो जाते हैं; भविष्य में उनसे बचने के लिए भयावह घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जो हमारे अस्तित्व को बढ़ावा देती है। डर और स्मृति के बीच यह मजबूत संबंध हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि डर सीखने का एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। हालाँकि, अनुसंधान से पता चलता है कि डर के बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं – और वास्तव में सार्थक तरीकों से सीखना कठिन हो सकता है। जब हम डरे हुए होते हैं तो हम कैसे और क्या सीखते हैं, इस बारे में शोध क्या कहता है, यहां बताया गया है। डर बच्चों की पढ़ाई को कैसे प्रभावित करता है? डर हमें वर्तमान और भविष्य के खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है। यदि बच्चों को ऐसे अनुभवों का सामना करना पड़ता है जो डर पैदा करते हैं, तो वे नए अनुभवों से बचना सीखते हैं – अज्ञात की खोज करने, उसमें शामिल होने और जिज्ञासा के साथ संपर्क करने के विपरीत।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

आरएनटीयू और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मप्र का आयोजन

# तीसरे नॉकआउट मुकाबले में आरएनटीयू ने शिवाजी यूनिवर्सिटी को 9-3 से हराया

## तीसरे राउंड में आरएनटीयू, कोटा, गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी, गोवा ने जीते अपने मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (मेन्स) टूर्नामेंट राजधानी के ध्यानचंद स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, गोवा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात की 54 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसके तहत गुरुवार को तीसरे राउंड के नॉकआउट मुकाबले खेले गए। इसमें प्रमुख मुकाबलों में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा, गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी, गोवा यूनिवर्सिटी ने अपने अपने मुकाबलों को जीत लिया। ये सभी मुकाबले ध्यानचंद स्टेडियम में खेले गए।



### अन्य परिणाम

दिन का पहला मुकाबला महाराजा सूरजमल ब्रज यूनिवर्सिटी (एमएसबीयू) भरतपुर और गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी (जीजीटीयू) बांसवाड़ा के बीच खेला गया। इसमें जीजीटीयू ने 5-0 से जीत हासिल की। जीजीटीयू के दिनेश रमत ने 5 गोल किए। गोवा यूनिवर्सिटी और महात्मा फुले कृषि विश्वविद्यालय (राहुड़ी) के बीच खेले गए मुकाबले में गोवा 5-1 से विजयी हुई। गुजरात यूनिवर्सिटी और महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी (एमजीएसयू) बीकानेर के बीच खेले गए मुकाबले में महाराज गंगा सिंह ने 7-2 से जीत हासिल की। इसमें एमजीएसयू की ओर से समीर ने 4 गोल किए। वहीं, सोनू, राहुल और राजेश ने 1-1 गोल किए। गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर से आदित्य ने 2 गोल किए।

लीग मैच में मैदान फतह करने उतरीं मानसरोवर की टीमें

# बास्केटबॉलः 22 की टीम ने 23 बैच को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तीनों आयुर्वेदिक कॉलेजों की टीमें लीग मैच के चौथे दिन पूरे जोश के साथ मैदान में उतरीं। इस दौरान मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज, श्री साईं कॉलेज ऑफ आयुर्वेद और फैकल्टी ऑफ आयुर्वेद मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी की 22 बैच और 23 बैच की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें 22 बैच की टीम ने 22 को 29 प्वाइंट से शिकस्त दी। बास्केटबॉल में 22 बैच का स्कोर 45 और 23 बैच का स्कोर 16 रहा। सबसे ज्यादा 22 थ्रो वैभव ने किए। रेफरी देवेन्द्र और सचिन रहे। टेबल टेनिस के कुल 13 लीग मैच हुए, जिसमें अंतिम दो मैच के विजेता मोइन खान और शिवांशु रहे। गर्ल्स टेबल टेनिस सेमीफाइनल में मुस्कान सोनी और लविशा अगले राउंड के पहुंचीं।



### वुमेन्स क्रिकेट में कर्णा की जीत

वुमेन्स क्रिकेट के अंतिम मैच में कर्णा और टाइटन्स के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कर्णा ने 3 ओवर मे 24 रन का लक्ष्य प्राप्त कर टाइटन्स को शिकस्त दी। वहीं मेन्स क्रिकेट के थर्ड मैच में चाणक्य वर्सेस अश्वत्थामा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अश्वत्थामा ने 74 रन बनाकर चाणक्य को 6 रनों से हराया। वहीं चैथे मैच में बुल्स ने 75 रन बनाकर अभिमन्यू को 5 रनों से शिकस्त दी।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए

# पाठक पुरस्कार योजना-2023

## कूपन फार्मेट

सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं

सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं

सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : ........................................ पता : ........................................

मोबाईल : ........................ एजेंसी का नाम : ........................................ दिनांक ................

### ग्राहक प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : ........................................ पता : ........................................

मोबाईल : ........................ एजेंसी का नाम : ........................................ दिनांक ................

# बारिश व सर्द हवाओं से उपनगरों में बढ़ी ठिठुरन, दिनभर अलाव तापते रहे लोग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में तीन दिनों से कोहरा छाया हुआ है। गुरुवार सुबह 4 बजे हुई जोरदार बारिश से सड़कों में पानी भर गया। वहीं सर्द हवाओं के चलते क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ी गई। ठंड से बचने के लिए गुरुवार को लोग गर्म कपड़ों में दुबे रहे। वहीं अधिकांश जगह लोग अलाव जला कर बैठे रहे। दिन भर कोहरे की धुंध छाई रही। रात में बादल छाने से तापमान 13. 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। वहीं बारिश से किसानों को गेहूं और मक्का की फसल में अब सिंचाई करने की आवश्यकता नहीं होगी। मौसम विभाग ने कहा है अगले 24 घंटे मौसम के यही हालात बने रहने की संभावना है।

▶ मावठा गिरने से किसानों ने कहा फसलों को होगा फायदा



## बारिश से सड़कों में भरा पानी नालियां हुई जाम, लोग परेशान



**औबेदुल्लागंज।** नगर में झमाझम बारिश होने से स्थानीय किसानों के चेहरे खिल उठे है। बुधवार-गुरुवार रात पानी गिरने से वार्ड 2, 4, 5 और 14 में सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आने-आने में परेशानी होने लगी। स्थानीय रहवासियों ने फावड़े से अलग रास्ता बना कर सड़क में भरे पानी को निकला। वहीं नगर परिषद की सफाई की कलाई खुली। इधर, नगर में सफाई न होने से कचरा पन्नी नालियों में भर गया, जिससे नाली जाम होने से सड़कों में पानी भर गया। वार्ड 4 के व्यापारी गुड्डन दिनेश जैन ने बताया कि रात्रि मैं बारिश होने से मेरे घर के सामने पानी भर गया। यहां नालियों की सफाई नहीं होती है, इस लिए पानी सड़कों में भर जाता है। वार्ड 14 में कृष्णा नरवरिया के घर के आसपास पानी भर गया था वार्ड 14 में सड़क पर नाली का कीचड़ आ गया, महावीर कॉलोनी में तो जगह-जगह पानी भरा रहा।

# 97 लोगों से डेढ़ करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का मास्टर माइंड अरेस्ट

### साइबर क्राइम ब्रांच ने नोएडा, उत्तर प्रदेश से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के फरार मास्टर माइंड को नोएडा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मोबाइल, लैपटाप और एक लग्जरी कार जब्त हुई। गिरोह के दो सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपियों ने करीब 97 लोगों से डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की थी।

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी का आरोपी ऋषभ दुबे (24) गिरोह का मुखिया है। वह मूलतः वाराणसी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जिसे नोएडा से पकड़ा गया है। इसके पहले दो साथियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल कोलार रोड निवासी रंजीत सिंह ने मामले की शिकायत की थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि मल्टी नेशनल कंपनी में जॉब दिलवाने के नाम पर अज्ञात लोगों ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिए। ठगी करने वाले आरोपी फर्जी वेबसाइट बनाते थे और जॉब सर्च करने वालों से संपर्क करते थे। वे अपनी वेबसाइट को इस प्रकार से डिजाइन करते, जिसमें वेबसाइट में ही पेमेंट गेटवे उपलब्ध होता था। इस कारण से लोगों को वेबसाइट पर विश्वास जम जाता था। आरोपी उसी पेमेंट गेटवे के माध्यम से रुपए ट्रांसफर करवाते थे। फरियादी से बात करने के लिए मेल आईडी का उपयोग किया जाता था। रुपए मिलने के बाद उन्हें देश के अलग-अलग राज्यों से एटीएम के माध्यम से निकाल लिया जाता था।

## खबर संक्षेप



### रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिन होगा कार्यक्रम

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव, रेखा कपूर, सपना रैकवार, माया राय, मुन्नी साहू, भगवती, सरल साहू, कमल पंडित, चिंता साहू, कुंती, जानकी बाई आदि ने बताया कि हमारे विधायक सुरेंद्र पटवा के मार्गदर्शन में 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य कार्यक्रम होगा। भोजपुरी नारी शक्ति के सदस्य घर-घर जाकर निमंत्रण दे रही हैं। 22 जनवरी को विशेष रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा। आरती यादव ने बताया कि 22 जनवरी को ढोल नगाड़ों के साथ राम फेरी निकाली जाएगी।

### लोहे के विद्युत पोल से करंट लगने से गाय की मौत

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में विद्युत विभाग की मेंटेनेंस के नाम पर लापरवाही का मामला सामने आया है। वार्ड 3 में लवकुश नगर में एक लोहे के विद्युत पोल में करंट आने से गाय की मौत हो गई। वही बगल से निकल रहे राहगीर ने जब गाय को देखा तो विद्युत विभाग को सूचना देकर लाइन को बंद करवाई। बारिश में करंट नहीं लगे इसके लिए विभाग मेंटेनेंस कार्य करता है, ऐसे में लोहे के विद्युत पोल के लगे होना कहीं ना कहीं बड़ी लापरवाही है, जबकि बारिश में लोहे के विद्युत पोल में करंट उतरने की शिकायत कई जगह से मिलती है।

### श्रीपलव व सत्संग का आयोजन आज

**संतनगर।** नागपुर के साईं वसणशाह दरबार के प्रमुख साईं केशवदास जग्यसी और साईं कमल कुमार जग्यासी की उपस्थिति में 5 जनवरी दोपहर 12:30 बजे सत्संग और 1:13 मिनट पर श्रीदुआ साहब और श्रीपलव का कार्यक्रम संत वासुराम सनातन दरबार, संत नगर भोपाल में रखा गया है। दरबार के गद्दीनशीन भाई पुरुषोत्तम वासवानी ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम के बाद हाथ प्रसादी का वितरण होगा।

### संत नगर में अक्षत वितरण अभियान जारी

**संतनगर।** 22 जनवरी को श्री रामलीला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अक्षत वितरण अभियान के तहत संतनगर के सभी मंदिरों पर मंदिर के इष्ट देवी देवताओं को आमंत्रण देकर प्रारंभ हुआ। उसके बाद घर-घर आमंत्रण का कार्य प्रारंभ हुआ है। संगठन के प्रमुख जीतू कटारिया ने बताया कि अभियान में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आरएसएस संत नगर के हिंदूवादी संगठन मिलकर घर-घर जाकर आमंत्रण दे रहे हैं।

### खेल महाकुंभ का शुभारंभ आज से

**मंडीदीप।** नपा द्वारा शुक्रवार से खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर उपाध्याय ने बताया कि खेल महाकुंभ का शुभारंभ शुक्रवार को भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा तथा नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### दमोह पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामला, एसीएस को सौंपी जांच रिपोर्ट

# विस्फोट के लिए कोई भी व्यक्ति जिम्मेदार या फिर दोषी नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खास बातें**

- जांच में कोई बड़ा दोषी सामने नहीं आया, उठ रहे कई सवाल
- फैक्ट्री अवैध तरीके से संचालित की जा रही थी
- पीड़ित परिवार को अभी तक नहीं मिली आर्थिक सहायता

> अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे में 7 लोगों की मौत हुई थी, मजिस्ट्रेट जांच दो महीने में पूरी होने के बाद अब उसकी रिपोर्ट शासन को भेजी

दमोह में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री में 31 अक्टूबर को हुए ब्लास्ट में सात लोगों की जान चली गई थी। इस मामले की मजिस्ट्रेट जांच दो महीने में पूरी होने के बाद अब उसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। फिलहाल जांच में सीधे तौर पर कोई दोषी नहीं पाया गया है। इस जांच पर अब सवाल भी उठ रहे हैं।

हादसे के पीछे नगर पालिका, राजस्व विभाग और पुलिस की लापरवाही सामने आई थी, जिसके चलते इतना बड़ा हादसा हो गया। हैरानी की बात यह है कि जांच में किसी पर व्यक्तिगत कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार को भी अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है, क्योंकि फैक्ट्री अवैध तरीके से संचालित की जा रही थी। फैक्ट्री मालिक अभय गुप्ता सहित छह महिलाओं की मौत हो गई थी। सात मौत होने के बाद भी जिला प्रशासन की मजिस्ट्रियल जांच में कोई बड़ा दोषी सामने नहीं आया है।

### मालिक समेत 6 महिला की हुई थी मौत



फाइल फोटो

सबसे बड़ी बात यह है कि इस धमाके में फैक्ट्री मालिक और छह महिलाओं की मौत हुई है, जो 80 रुपए प्रतिदिन पर मजदूरी करती थीं और कुछ महिलाएं घायल हुई थीं, लेकिन मृतकों के परिवार के लोगों की किसी भी प्रकार की सहायता राशि नहीं मिली और न ही घायलों को कोई सहायता मिली है।

### आगे का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाना है

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया कि जांच रिपोर्ट एसीएस को भेज दी गई है। आगे का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाना है। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीनों विभागों की लापरवाही सामने आई है। पहली लापरवाही पुलिस विभाग की है, जिसमें बीट सिस्टम के तहत स्थानीय स्तर पर जिसकी ड्यूटी थी, उसे इस बात की जानकारी होनी चाहिए थी, लेकिन यह बात सामने नहीं आई। हालांकि जांच के बाद किसी पर भी एक्शन नहीं लिया गया है।

**कई विभागों की जिम्मेदारी, फिर भी जांच से बाहर**

सूत्रों का कहना है कि इसी तरह नगर पालिका की भी लापरवाही है। इतनी बड़ी अवैध पटाखा यूनिट संचालित होती रही, लेकिन न तो टैक्स को लेकर कोई कार्रवाई की गई और न ही सर्वे में पूछताछ हुई। राजस्व विभाग की भी इसमें लापरवाही सामने आई है। जिन अधिकारियों ने लाइसेंस आदि जारी किए, उसकी जांच और पूछताछ क्यों नहीं की गई? मौके पर वेरीफिकेशन क्यों नहीं किया गया? यह सारी बातें जांच में सामने आई हैं। इस मामले की जांच रिपोर्ट एक सप्ताह पहले एसीएस को भेजी गई है। वहां से जो कार्रवाई होगी। उस हिसाब से आदेश जारी किए जाएंगे।

## ट्रेन की चपेट में आने से हम्माल की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित नए ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आए हम्माल की मौत हो गई। अनुमान है कि वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया था। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

प्रधान आरक्षक मनीष कुमार ने बताया कि सादिक कुरैशी पिता सलीम कुरैशी (33) मोती नगर, झुग्गी सुभाष नगर में रहता था और हम्माली करता था। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात वह नए ओवर ब्रिज के नीचे घायल अवस्था में मिला था। उसे एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन से टकराया था। उसके सिर में गंभीर चोट थी।

### ऑफिस में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित सूरज कुंज में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसकी लाश ऑफिस में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि युवक ने मकान फाइनेंस कराया था और उसकी किश्त जमा करने में उसे परेशानी आ रही थी। अनुमान है कि इसी बात से दुखी होकर उसने फांसी लगाई है। एएसआई साहेब लाल कुमरे ने बताया कि ब्रजकिशोर पिता जयप्रकाश (42) मायाधाम कॉलोनी, गोपाल नगर में अपने फूफा के पास रहते थे।

## नौकरी के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी करने वाले सगे भाई गिरफ्तार



**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने नौकरी के नाम पर पंद्रह लाख रुपए की ठगी करने वाले सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। उक्त ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपियों के पिता को भी आरोपी बनाया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति को वनपाल तो दूसरे को पुलिस सेवा में भर्ती कराने का झांसा देकर रुपए ऐंठ लिए थे। पुलिस के अनुसार गनपत सिंह (30) बिजली कॉलोनी गोविंदपुरा में रहते हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच को शिकायत में बताया कि सतपुड़ा भवन के पीछे रहने वाले अरुण मिश्रा, उनके बेटे प्रमोद मिश्रा और प्रकाश मिश्रा ने शासकीय नौकरी लगवाने के नाम पर 15 लाख रुपए लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई। इसी प्रकार आरोपियों ने सुभाष नगर में रहने वाले अक्षय कुमार को पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक लाख पंद्रह हजार रुपए लिए थे। पुलिस ने इस मामले में दोनों भाइयों प्रमोद मिश्रा और प्रकाश मिश्रा को रायपुर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। दोनों भाई वहां प्राइवेट काम कर रहे थे।

### पेटीएम का कर्मचारी बनकर ठगी करने वाला पकड़ाया

**भोपाल।** साइबर क्राइम ब्रांच ने पेटीएम कंपनी का कर्मचारी बनकर छोटे व्यापारियों के साथ ठगी करने वाले एक जालसाज को गंजबासौदा जिला विदिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पेटीएम मशीन (साउंड बाक्स) की समस्याओं को दूर करने के बहाने रुपए ट्रांसफर कर लिया करता था। उसके खिलाफ अवधपुरी और छोला मंदिर थाने में अपराध दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक बैरागढ़ निवासी नीरज बाधवानी ने 48 हजार की ठगी की शिकायत की थी। तकनीकी जांच के बाद आरोपी रवि विश्वकर्मा (27) निवासी शिवनगर कॉलोनी छोला मंदिर को विदिशा के गंजबासौदा से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास पेटीएम कंपनी का आई कार्ड और चार मोबाइल सिम बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले पेटीएम कंपनी में काम करता था।

### मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की अतिरिक्त कक्षा का संचालन

# विकसित भारत के निर्माण में होगी जन अभियान परिषद की अहम भूमिकाः निशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्थानीय स्वैच्छिक संगठनों की विकास गतिविधि में विकसित देशों की भांति भारत में अहम भूमिका हो सकती है। इसको लेकर मप्र सरकार सतत विकास का पूरा रोडमैप तैयार कर रही है। मप्र देश का पहला राज्य है, जहां सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास कार्य में सहभागिता एवं निगरानी के लिए समुदाय के अंतिम व्यक्ति को मप्र जन अभियान परिषद के माध्यम से नेतृत्व कौशल सिखाया जा रहा है। वहीं जमीनी एनजीओ को नवांकुरित कर डिजिटल दस्तवावेजीकरण का स्किल देकर विस्तार दिया जा रहा है।

### असाइमेंट के तहत विभागीय कार्यविधि को बताया



यह बात जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की अतिरिक्त कक्षा संचालन के दौरान कही। उन्होंने बताया कि आज तकनीक की विकास में जरूरी भूमिका एवं तकनीक से होने वाले अपराध की सजगता के लिए मप्र सरकार की संस्था एमपीकॉन से जुड़ी नगर की संस्था एक्सेल कम्प्यूटर सेंटर में मेंटर्स द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण एवं असाइमेंट के तहत प्रायोगिक कक्षा का कार्यक्रम रखा गया। स्टूडेंटस को स्थानीय सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों में असाइमेंट के तहत विभागीय कार्यविधि एवं विकास गतिविधि में समुदाय की भागीदारी के संबंध में विस्तार से बताया जा रहा। इस कार्य में परामर्शदाता प्रेमनारायण सोनी, अजय मालवीय, सुनैना लोवंशी, पी के परसाई, उपेन्द्र, नवांकुर संस्था से सुनील सेरिया, वीर सिंह चौहान सहित बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थी शामिल रहे।



### शिकायत के बाद भी ग्रापं नहीं दे रही ध्यान

## कस्बा नजीराबाद में लगा गंदगी का अंबार, नहीं हो रही सफाई

**नजीराबाद।** शासन की स्वच्छता अभियान की अनदेखी कर नजीराबाद की ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबर लगा हुआ है, जिससे आसपास के रहवासियों को भारी दिक्कत हो रही है। कचरे के कारण क्षेत्र में बधबु और मच्छर फैल रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच को कई बार जानकारी देने के बाद भी यहां सफाई नहीं हो रही है। सरपंच और सचिव पढ़ला झाड रहे हैं। बैरसिया जनपद पंचायत सीईओ से हरिभूमि संवाददाता की चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत को बताया क्या अधिकारी ग्राम पंचायत के अधीन हैं वह भी इस संबंध में कुछ नहीं कर सके।

## पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई तुलसी ग्रीन्स फेज-2 की लॉटरी, लाइव प्रसारण हुआ



**भोपाल** । हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट तुलसी ग्रीन्स फेज -2 की लॉटरी प्रक्रिया गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। लॉटरी को पारदर्शी बनाने के लिए इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। लॉटरी में मौके पर आने में असमर्थ आवेदक पूरी प्रक्रिया में ऑनलाइन माध्यम से शामिल रहे। सेकंड राउंड की इस लॉटरी में कुल 18 खरीदारों को घर मिले। प्राइम लोकेशन और आधुनिक सुविधाओं की वजह से तुलसी ग्रीन्स में फ्लैट की भारी डिमांड है। सेकंड राउंड की बुकिंग में उपलब्ध घरों के मुकाबले 6 गुना से ज्यादा आवेदन आए थे। 18वीं और 19वीं मंजिल के एक-एक फ्लैट के लिए 21-21 लोगों ने आवेदन किए थे। पहले राउंड की बुकिंग में कुल 50 लोगों को घर मिले थे। दूसरे राउंड में 18 लोगों को फ्लैट मिले हैं। अब सिर्फ विभिन्न आरक्षित कोटे के 52 फ्लैट खाली हैं।

### घर तोड़ने के दौरान मिले थे सिक्के, उन पर किंग जॉर्ज पंचम की तस्वीर है

# किंग जॉर्ज के प्राचीन सिक्के चुराने के मामले में एक और मजदूर अलीराजपुर से पकड़ाया, 41 सिक्के मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुजरात पुलिस ने नवसारी से प्राचीन सिक्के चुराने के मामले में मध्य प्रदेश के अलीराजपुर से एक और मजदूर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 19 लाख रुपए मूल्य के 41 सोने के सिक्के बरामद हुए हैं। इससे पहले पुलिस ने चार मजदूरों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से लाखों रुपए के सोने के प्राचीन सिक्के बरामद हुए थे।

पुलिस ने बताया कि 26 दिसंबर को नवसारी पुलिस ने अलीराजपुर से चार मजदूरों को पकड़ा था। उनके पास से 199 सोने के सिक्के बरामद हुए थे। यह सिक्के उन्होंने कथित तौर पर एक घर से चुराए थे, जिसे तोड़ने वे लोग गए थे। उन पर आरोप है कि घर तोड़ने के दौरान उन्हें सोने के प्राचीन सिक्के मिले तो उन्होंने अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी और सिक्के अपने साथ अलीराजपुर ले आए।

### 41 सिक्कों को आरोपियों ने रख दिया था गिरवी



पुलिस का कहना है कि बाजार स्ट्रीट स्थित मकान एनआरआई हवाबेन बलिया का है। वह इस समय यूके के लिसेस्टर में रहती हैं। जो सिक्के घर तोड़ने के दौरान मिले हैं, उन पर किंग जॉर्ज पंचम की तस्वीर है। गिरफ्तार किए गए मजदूरों से पूछताछ में बता चला कि मुकेश भयड़िया ने 30 सिक्के अपने पास रखे और एक नाबालिग के पास भी 11 सिक्के थे। इन 41 सोने के सिक्कों को आरोपियों ने 5.81 लाख रुपए के लिए गिरवी रख दिया था। एसपी ने बताया कि हमारी टीम ने मुकेश को अलीराजपुर से गिरफ्तार किया और स्थानीय ज्वेलर से 41 सिक्के बरामद किए। उसने मजदूरों को इन सिक्कों के बदले 5.81 लाख रुपए का कर्ज दिया था। अब तक पुलिस इस मामले में 240 सोने के सिक्के बरामद कर चुकी है, जिसकी कीमत 1.11 करोड़ रुपए होती है।

**अक्टूबर में हुई थी चोरी**

नवसारी पुलिस ने बताया कि अक्टूबर में मकान मालिक बलिया ने ठेकेदार सरफराज कराड़िया के खिलाफ एफआईआर कराई थी। सरफराज को मकान गिराने का ठेका दिया गया था। सरफराज और अलीराजपुर के चार मजदूरों को दिसंबर में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में मध्य प्रदेश के चार पुलिसकर्मियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ अलीराजपुर में मजदूरों से सिक्के लूटने का आरोप है।

## सेल्समैन की हत्या करने वाला दस दिन बाद गुजरात से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ स्थित संत हिरदाराम शापिंग कॉम्पलेक्स में दस दिन पहले हुई एक सेल्समैन की हत्या के फरार आरोपी को पुलिस ने गुजरात के नण्याद से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। कई शहरों में फरारी काटने के बाद वह रिश्तेदार के पास गुजरात पहुंचा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया। हत्या का कारण ग्राहक को अपनी दुकान पर बुलाने की बात को लेकर विवाद होना बताया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम बूढ़ाखेड़ा बैरागढ़ निवासी अंकित सिंह राजपूत शापिंग कॉम्पलेक्स स्थित एक दुकान पर सेल्समैन का काम करता था। यहीं पर स्थित दूसरी दुकान पर भरत प्रियानी नामक युवक सेल्समैन था। बीती 24 दिसंबर को भरत की दुकान पर एक ग्राहक लहंगा देख रहा था, तभी अंकित ने उसे अपनी दुकान पर बुला लिया था। इसको लेकर दोनों कर्मचारियों के बीच दोपहर करीब दो बजे विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर भरत ने धागा काटने वाले कटर से अंकित के सीने पर वार कर दिया था। गंभीर रूप से घायल अंकित को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में भरत प्रियानी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की विशेष टीम लगाई गई थी।

## खबर संक्षेप

### करुणाधाम में गाथा श्रीराम मंदिर की 7 को

**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम द्वारा रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागृह में रविवार 7 जनवरी को शाम 6:30 बजे गाथा श्रीराम मंदिर की संगीतमय महागाथा प्रस्तुति करवाई जा रही है। इसमें राम जन्म-भूमि के संघर्ष के इतिहास की भव्य प्रस्तुती दी जाएगी। इसकी तैयारियों के संबंध में करुणाधाम आश्रम में पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आश्रम के शिष्य सेवकों की जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

### धोती कुर्ता में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**भोपाल।** शिवाजी नगर के अंकुर खेल मैदान पर शुक्रवार से तीन दिवसीय वैदिक ब्राह्मणों की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इसमें पंडित धोती-कुर्ता पहनते हुए क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। संस्कृति बचाओ मंच और आयोजन समिति ने विजेता टीम को अयोध्या श्रीराम लला के दर्शन के लिए लेकर जाएगा। महर्षि मैत्री मैच टूर्नामेंट का आयोजन अंकुर खेल मैदान में पांच से आठ जनवरी तक होगा। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय संस्कृति संस्कार सभ्यता और संस्कृत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### मानसरोवर में मामे खान करेंगे परफॉर्म

**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 12 जनवरी को युवा दिवस के उपलक्ष्य में गायक मामे



खान परफॉर्म करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मानसरोवर डेंटल कॉलेज कैंपस में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की नामचीन हस्तियों सहित बड़ी संख्या में भोपाल के युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम के सह आयोजक एमपीपीयूआरसी, आरोग्य भारती, विश्व आयुर्वेद परिषद्, अभाविप और एडिमाइज हैं।

### तीनों आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी तीन दिन की रिमांड पर

# जीजा व मौसेरे भाई ने मिलकर की थी लूट, फ्रेक्चर अस्पताल के निकट पेड़ के पास गाड़े थे 27 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा कॉलोनी में बुधवार शाम ज्वेलर्स के घर से लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूट के बाद मुख्य आरोपी को ज्वेलर्स के बंगले के सामने मौजूद अन्य बंगले के गार्ड ने दबोच लिया था, जबकि दो आरोपियों को पुलिस ने देर रात दबोच लिया। आरोपियों से लूटे गए 33 लाख रुपए बरामद किए गए है। उक्त रुपए मुख्य आरोपी देवा के घर से 6 लाख और 27 लाख रुपए फ्रैक्चर अस्पताल के पास से बरामद किए हैं। आरोपियों ने 27 लाख रुपए जमीन में गड्ढा खोदकर गड़ा दिए थे। मुख्य आरोपी को पकड़ने वाले गार्ड को वीरता पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने बताया कि ई-4 अरेरा कॉलोनी में रहने वाले सुशील धनवानी का ज्वेलर्स का कारोबार है। बुधवार की शाम को उनकी पत्नी कीर्ति धनवानी (65) घर पर अकेली थीं, जबकि पति और परिवार के अन्य सदस्य अपने काम से गए थे। शाम करीब 6 बजकर 50 मिनट पर उनके घर तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे थे। घर पहुंचने पर आरोपियों ने कीर्ति धनवानी को चाकू अड़ाया और मोबाइल, जेवरात समेत अलमारी में रखे 33 लाख रुपए लूट लिए थे।

**जीजा और मौसेरे भाई की भी ली जाएगी रिमांड**

**आरोपी को दबोचने वाले गार्ड को मिलेगा वीरता पुरस्कार**

**खास बातें**
- घर में तीन नकाबपोश बदमाशों ने चाकू अड़ा कर की थी लूट
- आरोपियों से लूटे गए 33 लाख रुपए बरामद किए



**पूछताछ में मौसेरे भाई के साथ लूट करना स्वीकारा**

पकड़ में आए आरोपी की पहचान देवानंद जाधव उर्फ देवा (34) निवासी गौतम नगर झुग्गीबस्ती ई-6 अरेरा कॉलोनी के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ तो उसने अपने मौसेरे भाई और बहनोई के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। उसके बाद पुलिस ने उसके मौसेरे भाई धीरज गवई (30) निवासी दरियापुर, अमरावती महाराष्ट्र और बहनोई बाबूलाल मेवाड़ा उर्फ बाबू सिंह (44) निवासी कालापीपल जिला शाजापुर को भी गिरफ्तार कर लिया।

***साथ में रहता था धीरज गवई***

*मुख्य आरोपी देवा ज्वेलर्स के बंगले से 200 मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क पर पान की गुमठी का संचालन करता है। धीरज गवई मौसी का बेटा है और उसी के साथ झुग्गी में रहता है। ज्वेलर्स के यहां शादी होने के कारण बंगले पर फर्नीचर समेत अन्य काम चल रहे हैं। यहां काम करने वाले मजदूर देवा की दुकान पर गुटखा, बीड़ी सिगरेट पीने जाते हैं। लिहाजा देवा को घर के बारे में जानकारी थी। उसने अपने 44 साल के जीजा बाबूलाल मेवाड़ा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।*



# 24 मतदाताओं ने टेंडर वोट से मतदान किया

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 8 जनवरी को होंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 8 जनवरी को होने जा रहे हैं, जिसमें गुरुवार को 24 मतदाताओं ने टेंडर वोट डाले, जो की 8 जनवरी को आवश्यक कारण से भोपाल के बाहर रहेंगे।

मतदान करने वाले मतदाताओं में 16 पुरुष तथा 6 महिला अधिवक्ता थे। 5 जनवरी को भी दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक टेंडर वोट दिए जा सकते हैं, जो विशेष कारणों से 8 जनवरी को मतदान में भाग नहीं ले सकते हो।

चुनाव प्रक्रिया सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होने पर मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी सब अधिवक्ताओं और चुनाव समिती का आभार माना।

**बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया**

## ऑल सेंट्स स्कूल में 1996 बैच ने मनाया पुनर्मिलन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समय के ताने-बाने में फैले एक दिल को छू लेने वाले पुनर्मिलन में, ऑल सेंट्स स्कूल 1996 बैच के छात्र भारत और दुनिया के हर कौने से एक साथ आए, स्थायी यादें बनाने और पोषित संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए। बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा भाग लिया गया।

यह कार्यक्रम स्कूल की कक्षाओं के भीतर बने स्थायी बंधनों का प्रमाण था। पुनर्मिलन का एक मुख्य आकर्षण अनुभवी शिक्षकों की उपस्थिति थी, जिन्हें सम्मान भी दिया गया। शाम का समापन सुंदर समरधा जंगल रिसॉर्ट में एक आनंदमय मिलन पार्टी के साथ हुआ, जहां हंसी गूंजती रही और साझा इतिहास की कहानियों को सुनाया गया। छात्रों के रूप में स्मृति लेन के नीचे एक भावुक यात्रा हुई।

## हर्बल प्रोडक्ट के नाम पर 65 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित प्रियदर्शिनी कॉलोनी, आशाराम नगर में रहने वाली एक महिला को महिला जालसाज ने 65 लाख रुपए का चूना लगा दिया। दरअसल, महिला जालसाज के माध्यम से उन्होंने 65 लाख रुपए का हर्बल प्रोडक्ट खरीदा था। कुछ प्रोडक्ट पसंद नहीं आया और उसे लौटा दिया, लेकिन हर्बल कंपनी ने उन्हें 65 लाख रुपए की रकम नहीं लौटाई। पीड़ित महिला ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रियदर्शिनी कॉलोनी, आशाराम नगर फेस टू निवासी स्नेहा बागड़े ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था कि कविता शर्मा के माध्यम से उन्होंने सीलांग की मथुरा शर्मा हर्बल कंपनी का प्रोडक्ट खरीदा था। कंपनी ने उन्हें भोपाल का डिस्टीब्युटर बनाया था। स्नेहा को कुछ प्रोडक्ट पसंद नहीं आए और कंपनी को प्रोडक्ट लौटा दिए।

- कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बेहतर प्रोजेक्ट को करेंगे लागू**

## तमिलनाडू के अफसर देखेंगे इंदौर और भोपाल स्मार्ट सिटी के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटीज वाले राज्य का दर्जा मिलने के बाद तमिलनाडू भी अब प्रदेश की तर्ज पर काम करना चाहता है, जिसके लिए तमिलनाडू सरकार अफसरों का एक दल यहां भेज रही है। यह दल भोपाल और इंदौर शहर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे। और बेहतर प्रोजेक्ट को तमिलनाडू की स्मार्ट सिटीज में भी लागू किया जाएगा। तमिलनाडू सरकार का दल 21 से 24 जनवरी के बीच आएगा। इस 24 सदस्यीय दल मे आईएएस, इंजीनियर व अन्य अधिकारी शामिल होंगे। इन्हें भोपाल व इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए कार्यों को बताया जाएगा।

**भोपाल में इन कार्यों को देखेगा दल**

भोपाल स्मार्ट सिटी ने सदर मंजिल रिनोवेशन प्रोजेक्ट के तहत करीब 21 करोड़ रुपए खर्च किए। इसे हेरिटेज लुक दिया गया। बड़े तलाब के किनारे स्मार्ट सिटी ने केबल स्टे ब्रिज बनाया है। टीटी नगर में सरकारी कर्मचारियों के लिए करीब तीन हजार आवास की छह बहुमंजिला इमारतें बनाई गई हैं। अटल पथ और स्मार्टरोड शहर की सबसे महंगी सड़कें हैं। 750 करोड़ रुपए का कंट्रोल कमांड सेंटर बनाया गया। यातायात सुगम बनाने के लिए इंटेलीजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया है।

## अक्षत देकर अयोध्या आने दिया निमंत्रण



**भोपाल।** 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में भगवान विराजमान होंगे। इस धार्मिक आयोजन के लिए गुरुवार को महिला जागौरी समिति की अध्यक्ष साधना नन्दू यादव ने केशव नगर के भोईपुरा बस्ती में घर-घर जाकर अक्षत देकर निमंत्रण दिया। हनुमानजी बने बालकों ने अपने हाथों से भक्तों को निमंत्रित किया। इस अवसर पर संघ के नगरकार्यवाह योगेन्द्र साहू, प्रवीण पटेरिया, ओमप्रकाश सेन, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अजय साहू, फूल सिंह, राहुल बाथम, गोपाल सिंह राजपूत, श्याम कुमार यादव, रूमा अहेलिया, अर्चना यादव, प्रमोद, कृष्णा साहू अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिंदगी लाइव

राजधानी के इमरान ने कबाड़ में पड़ी दादा की पुरानी विंटेज कार को मॉडिफाई कराकर दिया नवाबी लुक

# प्री वेडिंग फोटो शूट से लेकर ब्राइडल एंट्री, ऑटो मेला, फिल्मी शूटिंग में बढ़ा विंटेज कार का ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहले जहां शादियों में घोड़े और बग्घी पर दुल्हा बरात लेकर जाता था, वहीं अब शादियों का ट्रेंड बदल चुका हैं और अब शादियों में पुरानी विंटेज कार देखी जा सकती है, जिसमें कभी विंटेज कार में बैठा दुल्हा आकर्षण का केंद्र लगता है तो कभी विंटेज कार में दुल्हन की ऐंट्री रोमांच से भर देती है। 1930-40 की इन विंटेज कारों का लोगों में ऐसा चाव है कि वेडिंग सीजन में यह कारें मिलना मुश्किल हो जाती है और इनके लिए कई महीनों पहले ही बुकिंग करनी पड़ती है।

**शादियों का ट्रेंड बदल चुका हैं और अब शादियों में पुरानी विंटेज कार देखी जा सकती है**



**1940 मॉडल की रॉल्स रायस में जिप्सी इंजन लगाकर दिया न्यू लुक**

राजधानी के 27 वर्षीय युवा इमरान खान भी ऐसे ही विंटेज कारों के शौकीन हैं, जिनके पास 1940 मॉडल की तीन कारें हैं। इमरान ने बताया कि मेरे दादा को कारों का बहुत शौक था। इसलिए उनके पास तीन कारें थीं, जो ऐसे ही कबाड़ में पड़ी थीं, जिसमें 1940 मॉडल की रॉल्स रायस फैंटम कार को मैंने हाल ही में मॉडिफाई करवाया है। इसमें जिप्सी का इंजन लगाकर इसे एक अलग ही लुक दिया है।

**नवाबी लुक देने जयपुर और देहरादून से मंगवाए सीट, हार्न और स्टेयरिंग**

इमरान कहते हैं कि एक कार को मैंने अहमदाबाद शहर में डेंटिंग-पेंटिंग करवाई, जिसमें मेरा फोकस भोपाली कल्चर पर रहा और मैंने इस कार को नवाबी लुक देने का प्रयास किया। इसमें सीट, हार्न, घड़ी, टेलिस्कोप, स्टेयरिंग आदि सामानों को जयपुर और देहरादून से लाकर लगाया है। साथ ही सभी उपकरण वर्ष 1931 मॉडल के ओरिजनल ही लगाए गए हैं। इमरान ने बताया कि इस पर लगभग 4 लाख 50 हजार रुपए खर्च हुए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में गांधी गोडसे फिल्म की शूटिंग के लिए मेरी विंटेज कार रेंट पर ली थी।





**एक दिन का किराया 11 से 15 हजार रुपए**

विंटेज कार केवल शादी विवाह में ही नहीं, बल्कि प्री वेडिंग फोटो शूट में भी विंटेज कारों को देखा जा सकता है। इसके अलावा ऑटो मेला, फिल्मी शूटिंग के लिए रेंट पर दी जाती है। इसका एक दिन का किराया 11 से 15 हजार रुपए लिया जाता है। यह कार दूल्हा-दुल्हन की पंसद बनी हुई है। इमरान ने बताया कि तीन-चार महीने में ऐसी ही तीन कारें ओर आ जाएंगी।

**पटुआ कारीगरों की जटिल चित्रकारी है 'माछेर विये'**

## मानव संग्रहालय में इस सप्ताह का प्रादर्श है एक स्क्रॉल पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय के नवीन श्रृंखला सप्ताह का प्रादर्श के अंतर्गत जनवरी माह के प्रथम सप्ताह के प्रादर्श के रूप में माछेर विये, एक स्क्रॉल पेंटिंग (पट्टचित्र) पश्चिम मिदनापुर पश्चिम बंगाल से संग्रहालय द्वारा सन, 2015 में चित्रकार समुदाय से संकलित किया गया है। इस प्रादर्श को इस सप्ताह दर्शकों के मध्य प्रदर्शित किया गया। यह पट्टचित्र पश्चिम बंगाल में प्रचलित एक पारंपरिक स्क्रॉल पेंटिंग है, जिसे कपड़े पर बनाया जाता है। पट्टचित्र अर्थात कपड़े पर चित्र, जिसमें पटुआ कारीगर प्राकृतिक रंगों के साथ जटिल चित्रकारी करता है। ज्यादातर कहानियां पौराणिक कथाओं, लोककथाओं, धार्मिक कहानियों और सामाजिक मुद्दों से ली जाती हैं।



**गीतों को पॉटेर गान के रूप में जाना जाता है**

इसका उपयोग गीत या कथा के प्रदर्शन के दौरान दृश्यात्मक रूप में किया जाता है। गीतों को पॉटेर गान के रूप में जाना जाता है। यह प्रादर्श कैनवास पर निर्मित एक स्क्रॉल पेंटिंग है जिसमें दरिया नाम की मछली के विवाह की कहानी दर्शाई गई है।

## 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी 12 जनवरी से



**उरुग्वे, जर्मनी, स्वीडन से आऐंगे अंतरराष्ट्रीय परीक्षक**

***भोपाल।*** *मध्यप्रदेश रोज सोसायटी तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित 43 वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी के अंतर्गत गुलाब के उद्यानों की प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए है, जिसमें व्यक्तिगत वर्ग में मंजुला नेमा, दीपा माहेश्वरी, रचना चंदवास्कर, सुधीर मंगल एवं प्रेरणा प्रकाश के बगीचों ने बाजी मारी है, यह जानकारी मप्र रोज सोसाइटी के अध्यक्ष लक्ष्मेंद्र माहेश्वरी ने दी। उन्होंने बताया कि गुलाब प्रदर्शनी 12, 13 एवं 14 जनवरी को आयोजित की गई है, इस प्रदर्शनी को देखने इस वर्ष उरुग्वे, जर्मनी, स्वीडन से अंतरराष्ट्रीय परीक्षक आने वाले हैं। वह इस बात का निरीक्षण करेंगे कि भोपाल में वर्ल्ड रोज फेडरेशन के 2028 में आयोजित होने वाले अधिवेशन के लिए कैसी तैयारी है।*

**संस्थागत वर्ग में विधानसभा एवं तुलसी नगर गुलाब उद्यान शामिल**

प्रतियोगिता में टैरेस गार्डन वर्ग में पंकज कस्तूरिया, योगिता बघेल, श्वेता लक्कड़, अभिताभ मनया जैन एवं डॉ शैलेन्द्र पारुलकर विजेता रहे। वहीं संस्थागत वर्ग में विधानसभा का उद्यान, गुलाब उद्यान तुलसी नगर, ओमेगा रैंक एवं स्टेट बैंक हाउस रहे। उद्यानों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण 13 जनवरी को शाम 4.30 बजे शासकीय गुलाब गार्डन , लिंक रोड नम्बर एक पर होगा।

## डॉ. मंजु मेहता की मॉरीशस में हिंदी भाषा पर हुई गहन चर्चा



**भोपाल।** दूरदर्शन मध्य प्रदेश की वरिष्ठ समाचार वाचिका और भोपाल स्कूल आफ सोशल साइंसेज की प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मंजु मेहता का विश्व हिंदी सचिवालय मॉरीशस तथा मॉरीशस ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन के लिए मॉरीशस में हिन्दी विषय पर गहन चर्चा हुई। अनेक सम्मानों से अलंकृत जानी मानी साहित्यकार अंजू घरधरन ने साहित्य संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी की विश्व पटल पर स्थिति पर डॉक्टर मंजु मेहता से गहन चर्चा की।

डॉक्टर मंजु ने कहा कि हिंदी भाषा हृदय की अभिव्यक्ति के साथ ही संस्कृति और सभ्यता की वाहक है। हिंदी अपनी आंतरिक चुनौतियों से जूझते हुए आज राजभाषा ही नहीं, बल्कि विश्वभाषा बनने के निकट है। इसमें अन्य भाषाओं को आत्मसात करने की क्षमता है और यही हिंदी की सबसे बड़ी पहचान है। कंप्यूटर और मोबाइल पर हिंदी की पहुंच ने यह बात सिद्ध कर दी है कि आने वाले समय में इंटरनेट की भाषा अंग्रेजी न होकर हिंदी होगी।

**हृदय की अभिव्यक्ति के साथ संस्कृति और सभ्यता की वाहक हिंदी भाषा**

**नवाब जहां बेगम ने महाराष्ट्र के राज्यपाल को भेंट की पेंटिंग**

## मांडना आर्ट से बनी पेंटिंग के चारों कोनों पर सेव एनवायरनमेंट का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की आर्टिस्ट नवाब जहां बैगम ने महाराष्ट्र के गर्वनर रमेश बैस से मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश की ट्राइबल आर्ट पेंटिंग भी भेंट की। नवाब ने बताया कि उन्होंने इस पेंटिंग को मध्य प्रदेश की खास आर्ट यानी मांडना आर्ट थीम पर तैयार किया है। यह पेंटिंग एन्वायर्नमेंट को बचाने का संदेश देती है। बीच में तिरंगा लगा हुआ है।



**एक कोने पर रीसाइकल, तो दूसरे कोने पर सेव ट्री का संदेश**

नवाब ने कहा कि इस पेंटिंग चारों कोनों पर मैंने चार संदेश दिए हैं, एक्रेलिक कलर्स से तैयार इस पेंटिंग में एक कोने पर रीसाइकल, तो दूसरे कोने पर पेड़ बचाने की बात कही गई है। इसके अलावा मटकी के द्वारा पानी बचाने और दिए से मैंने एनर्जी बचाने का संदेश दिया है। ताकि हम एक स्वस्थ वातावरण में खुशहाल जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से मध्य प्रदेश की कई तरह की आर्ट को प्रमोट करने का काम भी कर रहीं हैं।

सुबह **5.59** बजे लगी आग

**6.20** बजे काबू

**7** दमकल की गाड़ियों ने बुझाई आग



# दिल्ली एम्स में आग

# ऑफिस और दस्तावेज खाक, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एम्स दिल्ली के टीचिंग ब्लॉक में गुरुवार तड़के भयानक आग लग गई है। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पा लिया है। बताया जा रहा है कि एम्स डायरेक्टर का ऑफिस भी आग की चपेट में आ गया था। दमकल की 7 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दिल्ली दमकल विभाग ने बताया कि एम्स दिल्ली के टीचिंग ब्लॉक में आग लग गई थी। इस आग के कारण टीचिंग ब्लॉक में फर्नीचर और ऑफिस दस्तावेज जलकर खाक हो गए। हालांकि अच्छी बात ये रही है कि इस आग के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

**निदेशक कार्यालय के अंदर सब कुछ जल गया**

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 5.59 बजे एक कॉल आई। 7 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह 6 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया, आग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शिक्षण ब्लॉक में निदेशक कार्यालय के अंदर लगी थी। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि कुछ फाइलें, कार्यालय रिकॉर्ड, एक रेफ्रिजरेटर और कार्यालय फर्नीचर आग में जल गए।

### पिछले साल ओपीडी ब्लॉक में लगी थी आग

पिछले वर्ष भी पुराने ओपीडी ब्लॉक के दूसरी मंजिल पर आग लगी थी, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं करीब 24 घंटे प्रभावित रही थीं। इसके अलावा कुछ वर्ष पहले एम्स के एकेडमिक ब्लाक पर भी भयंकर आग लगने के कारण माइक्रोबायोलाजी की लैब भी जल गई थी।

## खबर संक्षेप

### 26 हजार कर्मियों को मिलेगी ओल्ड पेंशन



**मुंबई।** महाराष्ट्र कैबिनेट ने गुरुवार को एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जो नवंबर 2005 के बाद सेवा में शामिल होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ उठाने का विकल्प प्रदान करता है। कैबिनेट का यह फैसला सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल पर चले जाने के बाद आया। इनकी मांग थी ओपीएस की बहाली हो। इस पर कर्मियों ने खुशी जाहिर की है।

### रुख साफ, वायनाड सीट से ही लड़ेंगे राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की चर्चा के बीच आखिर सवाल है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहां से चुनाव लड़ेंगे? इस बीच सूत्रों ने बताया कि वायनाड सीट से फिर राहुल गांधी चुनावी मैदान में उतरेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल सीपीआई ने राहुल से वायनाड सीट छोड़ने को कहा था। इसके पहले सीपीआई का कहना था कि वायनाड सीट लेफ्ट के लिए छोड़ दी जाए।

### महाराष्ट्र की डीजीपी बनी रश्मि शुक्ला



**मुंबई।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। महाराष्ट्र के गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। रश्मि 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। इससे पहले उन्हें प्रतिनियुक्ति पर सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे पहले वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रजनीश सेठ महाराष्ट्र के डीजीपी थे।

### मोइत्रा को सरकारी घर खाली करने का नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में संसद से निष्कासित करने के आदेश पर रोक लगाने और फरवरी में सुनवाई करने की अपील को ठुकराए जाने के बाद अब टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को दिल्ली हाईकोर्ट से भी निराशा ही हाथ लगी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरकारी घर को खाली करने के लिए नोटिस के खिलाफ मामले में एस्टेट निदेशालय से संपर्क करना चाहिए।

---

केजरीवाल और भाजपा में एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार

# मैं भ्रष्ट तो पैसे कहां गए : केजरीवाल
# ईमानदार हैं तो भाग क्यों रहे: भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



*आप की सफाई-अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर कहीं नहीं मिला*

आबकारी नीति मामले में ईडी के 3 समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश न होने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाला, पिछले दो साल ये शब्द आपने कई बार सुना होगा। 2 साल की भाजपा की सारी एजेंसियां कई रेड मार चुकी हैं, कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं लेकिन अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर कहीं नहीं मिला। अगर भ्रष्टाचार वाकई हुआ है तो इतने पैसे आखिरी गए कहां?

**मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी**

शराब पुलिस मामले में ईडी के समन पर केजरीवाल ने कहा कि सच्चाई यह है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ था। भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है। मेरी सबसे बड़ी संपति मेरी ईमानदारी है और वे इसमें सेंध लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे वकीलों ने बताया है। मुझे लगता है कि मुझे भेजे गए समन अवैध हैं। वे जांच के बहाने मुझे बुलाना चाहते हैं और फिर मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं।

**समन को बताया गैर कानूनी**


सीएम ने कहा कि झूठे आरोप लगाकर फर्जी समन भेजकर ये मुझे बदनाम करना चाहते हैं। मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजे हैं। मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि ये समन गैर कानूनी हैं, क्यों गैर कानूनी हैं, ये मैंने इन्हें विस्तार से लिखकर भेजा है। उन्होंने जवाब नहीं दिया। अगर कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं पूरा सहयोग करूंगा।

**भाजपा का मकसद मुझे रोकना**

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का मकसद जांच करना नहीं है। इनका मकसद तो लोकसभा चुनाव में मुझे प्रचार करने से रोकना है। ठीक लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने मुझे समन क्यों भेजा। इस जांच के चलते दो साल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले मुझे क्यों बुलाया जा रहा है?

**केजरीवाल पर अनुराग का हमला**

**केजरीवाल बेईमान साबित हो रहे**



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केजरीवाल पर हमला बोला और कहा, केजरीवाल पहले ईमानदारी की बातें करते थे। आप के उपमुख्यमंत्री और सांसद जेल में हैं। भ्रष्टाचार के नए-नए केस सामने आ रहे हैं। केजरीवाल भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं। वे बेईमान हैं।

**भाजपा प्रवक्ता सुधांशु का निशाना**

**समन से भाग रहे, सीसीटीवी का जाल तो दिखाइए?**



भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने केजरीवाल पर कहा कि दिल्ली में जिस तरह से लोगों का इलाज हो रहा है। वह सिर्फ लोगों के साथ धोखा है। केजरीवाल ने कहा कि था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम दिल्ली में सीसीटीवी का जाल बिछा देंगे,कहां हैं जाल?

**मंत्री भारद्वाज और आतिशी का दावा**


**ईडी गिरफ्तार करने वाली है...**



दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि सुनने में आ रहा है गुरुवार को केजरीवाल के घर ईडी पहुंच कर उन्हें गिरफ्तार करने वाली है। मंत्री आतिशी ने कहा कि खबरें हैं कि ईडी सुबह अरविंद केजरीवाल के आवास पर छापेमारी करने जा रही है।

दिल्ली के एलजी ने दिए आदेश

### मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट की जांच सीबीआई को सौंपी



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। एलजी कार्यालय के मुताबिक दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के नाम पर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट किए गए हैं। इससे पहले एलजी सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में कुछ जीवन रक्षक दवाओं सहित गैर-मानक दवाओं की खरीद और आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

**वाह...240 मिनट में 533 मरीज देख लिए?**

मोहल्ला क्लीनिक के अंदर जांच की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार के तथ्य सामने आए हैं कि एक दिन में 500 मरीज देखे गए हैं जबकि समय सुबह 9 बजे से 1 बजे तक है। 240 मिनट में किसी ने अगर 533 मरीज देख लिए,इसका मतलब आधे मिनट में एक मरीज देखा गया है। इतने में तो आदमी मंदिर में दर्शन नहीं कर पाता है।

---



अध्यक्ष खरगे ने कांग्रेस नेताओं को दिया 24 में जीत का फॉर्मूला!

## मतभेदों में न उलझें, एक दूसरे की आलोचना न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में अब कम ही समय रह गया है। चुनाव से पहले सभी दल अपनी-अपनी तैयारियों में व्यस्त हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को कांग्रेस नेताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अगले तीन महीने तक खुद को पार्टी के लिए समर्पित कर दें।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का फॉर्मूला बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतभेदों में न उलझें, एक-दूसरे की आलोचना करने से बचें और मीडिया में पार्टी के अंदरूनी मुद्दे न उठाएं। उन्होंने कहा कि दिन-रात काम कर हम लोकसभा चुनाव के बाद एक वैकल्पिक सरकार प्रदान करने में सफल होंगे।

**एनडीए केवल नाम के लिए रह गया...**

इस दौरान इंडिया गठबंधन में अपने साथी दलों की ताकत पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में ऐसी पार्टियां हैं, जिनके पास मजबूत कार्यकर्ता आधार और विचारधारा है जबकि एनडीए सिर्फ नाम के लिए रह गया है। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछले 10 वर्षों की अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक मुद्दों को उठा रही है।

---

जिसने की थी मिमिक्री उस पर उपराष्ट्रपति का ऐसा 'दिल'

## बर्थडे पर धनखड़ ने कल्याण को दी बधाई व डिनर पर भी बुलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बड़ा दिल दिखाते हुए अपनी मिमिक्री करने वाले तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और परिवार के साथ डिनर पर बुलाया है। कल्याण ने एक्स पर आभार जताया है।



उन्होंने कहा कि धनखड़ ने उन्हें और उनकी पत्नी को दिल्ली में अपने आवास पर रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया है। बेनर्जी ने लिखा कि मेरे जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाओं के लिए मैं उपराष्ट्रपति को धन्यवाद देता हूं। मैं इस बात से अभिभूत हूं कि उन्होंने निजी रूप से मेरी पत्नी से टेलीफोन पर बातचीत की।

**मैं तो हजार बार करूंगा मिमिक्री, ये मेरा आधिकार**

इससे कुछ दिन पहले टीएमसी नेता ने राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री करके विवाद खड़ा कर दिया था। उस वक्त कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद परिसर के मकर द्वार पर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने फोन पर इसको रिकॉर्ड किया था। उस समय टीएमसी सांसद बेनर्जी ने धनखड़ की मिमिक्री को कला का एक रूप करार दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हजारों बार ऐसा करना जारी रखेंगे और उनके पास ऐसा करने का मौलिक अधिकार है।

ज्ञानवापी मामले की सुनवाई

## एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपें? आज होगा फैसला

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब शुक्रवार को फैसला सुनाएगी।



हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने गुरुवार को बताया कि जिला न्यायाधीश एके विश्वेश महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने बताया कि साथ ही कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा आदेश के लिए 5 जनवरी की तारीख तय की है।

9 केंद्रीय मंत्री समेत 68 सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा

## राज्यसभा के 68 सदस्य होंगे रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नौ केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्यसभा के 68 सदस्यों का कार्यकाल इस साल पूरा हो रहा है। इसके मद्देनजर संसद के उच्च सदन में 6 साल के कार्यकाल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में होड़ शुरू हो गई है।

इन रिक्तियों में से दिल्ली की 3 सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सिक्किम में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए भी चुनाव की घोषणा की



गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह सहित 57 नेताओं का कार्यकाल अप्रैल महीने में पूरा हो रहा है।

**नड्डा को तलाशनी होगी सीट**

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा अभी हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। लेकिन फिर से नामांकन के लिए उन्हें अपने गृह राज्य से बाहर किसी सीट की तलाश करनी होगी क्योंकि अब वहां कांग्रेस सत्ता में है। कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना से अपने उम्मीदवारों को संसद के उच्च सदन भेजने की उम्मीद कर सकती है, जहां वह पिछले साल सत्ता में आई थी।

---

भगवान राम पर विवादित टिप्पणी को लेकर बरपा हंगामा तो आए बैक फुट पर

## आव्हाड ने दी सफाई और बयान पर जताया खेद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र में भगवान राम के नाम पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। गुरुवार को भगवान राम को मांसाहारी बताए जाने पर गुस्सा भड़क उठा। बढ़ते विवाद को देखते हुए शरद पवार वाली एनसीपी के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सफाई पेश की है। उन्होंने कहा कि उनका किसी की भावनाओं को आहत पहुंचाने का मकसद नहीं था।

जितेंद्र ने कहा, 'आज रामायण पढ़ लिजिए कि क्या लिखा है, आपको साफ हो जाएगा, लेकिन किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। मैं किसी की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहता था। लड़कियां उठाने वाले का नाम भी राम हैं और वे मेरे पर इल्जाम लगा रहे हैं।

**इस पर था विवाद-राम क्षत्रिय थे और खाते थे मांस**

**भावना पर ही बात करेंगे**



उन्होंने कहा कि 22 तारीख तक किसी लॉजिक पर बात नहीं होगी, भावना पर ही बात होगी। इसलिए मैं खेद व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपने खिलाफ शिकायत दर्ज होने पर कहा कि वह किसी भी एफआईआर से नहीं डरते हैं।

**भाजपा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत**



भगवान राम को 'मांसाहारी' बताने वाले बयान को लेकर एनसीपी-शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ भाजपा ने सख्त रुख अपना लिया है। भाजपा नेता राम कदम ने एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दर्ज करा दी है।

**उधर, हाजी मलंग दरगाह, मंदिर होने का दावा**

*शिंदे बोले-जल्द मुक्त कराएंगे*



महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कुछ दिनों पहले ही कहा था कि वे जल्द ही सदियों पुरानी हाजी मलंग दरगाह को मुक्त कराएंगे। दक्षिणपंथी समूह यह दावा करते हैं कि यह दरगाह असल में मंदिर है। जो समुद्र तल से 3000 फीट ऊपर माथेरान की पहाड़ियों पर मलंगगढ़ किले के पास है। यह दरगाह यमन के 12वीं शताब्दी के सूफी संत हाजी अब्द-उल-रहमान की है। आस-पास रहने वाले लोग इस दरगाह को हाजी मलंग बाबा के नाम से जानते हैं।

आंध्र के सीएम की बहन शर्मिला कांग्रेस में शामिल

## 'पार्टी' के विलय पर जताई खुशी, जिम्मेदारी निभाऊंगी

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला कांग्रेस में शामिल हो गईं।

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक शर्मिला दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में शामिल हुईं। शर्मिला ने कहा, वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। कांग्रेस पार्टी अभी भी हमारे देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है।



**राहुल पीएम बनें**

शर्मिला ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे निभाएंगी। कांग्रेस अडिग तरीके से सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। शर्मिला ने कहा कि राहुल गांधी को पीएम के रूप में देखना उनके पिता का सपना था और उन्हें इसमें योगदान देकर खुशी होगी।

# ठंड से ठिठुरा उत्तर भारत

**अगले 4 दिनों तक भारी बारिश होने की आशंका**

*आईएमडी के मुताबिक दक्षिण तमिलनाडु, दक्षिण केरल और लक्षद्वीप के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लक्षद्वीप में 4 जनवरी को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, दक्षिण हरियाणा और इसके आसपास चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है।*

दिल्ली समेत उत्तर भारत में शीतलहर और ठंड का प्रकोप जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। हालांकि दो दिनों के बाद इसमें सुधार संभव है। वहीं उत्तर पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में भी दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में शुक्रवार को भी शीतलहर चलेगी।

### डल झील में जमी बर्फ की परत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जम्मू कश्मीर में घना कोहरा और शीतलहर से गुरुवार को भी राहत नहीं मिली। अनंतनाग शहर में बीती रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7 डिग्री दर्ज किया गया।*

*श्रीनगर शहर में तापमान शून्य से नीचे 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और डल झील की सतह पर बर्फ की एक पतली परत बन गई। हाउसबोट में रहने वाले स्थानीय निवासियों को अपनी नौकाओं को किनारे पर लाने के लिए बर्फ की परत तोड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अत्यधिक शीतलहर के कारण कश्मीर के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति करने वाले पाइप के अंदर पानी जम गया है।*



### यहां रहा 6 से 9 डिग्री का तापमान

पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6 से 9 डिग्री सेल्सियस रहा।

**मौसम ने ली करवट**

जम्मू

जम्मू में घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के बीच सड़क पर धीमी गति से चले वाहन

### यहां रहा 10 से 12 डिग्री का तापमान

पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### देरी से चली ट्रेन और फ्लाइट


कोहरे के कारण दिल्ली से आने वाली 26 ट्रेनें 6 घंटे देरी से चलीं। करीब आधा दर्जन फ्लाइट की उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### चीन में ही गिरा अंतरिक्ष में गया रॉकेट

**बीजिंग।** चीनी स्पेस एजेंसी सीएनएसए ने 25 दिसंबर 2023 को दो सैटेलाइट लॉन्च किए थे।



लॉन्चिंग के लिए लॉंग मार्च 3बी रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। रॉकेट ने इन सैटेलाइट्स को मीडियम अर्थ ऑर्बिट में छोड़ा, लेकिन रॉकेट के किनारे लगे बूस्टर धरती की तरफ लौटे और दक्षिणी चीन के गुआंगशी इलाके में एक घर के पास गिरे। इसके गिरने का लोगों ने वीडियो बना लिया।

### कोर्ट में महिला जज पर हमला, वीडियो वायरल

**न्यूयार्क।** अमेरिका के लॉस वेगास से एक हैरान करने वाली खबर



सामने आई है। यहां क्लार्क काउंटी जिला कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी ने महिला जज मैरी पर हमला कर दिया। सुनवाई के बाद महिला जज आरोपी को सजा सुना रही थीं। इस पर वह भड़क गया और टेबल से कूदकर अचानक उनके ऊपर हमला कर दिया। जैसे ही आरोपी ने हमला किया आस-पास मौजूद लोग हैरान रह गए। गार्ड्स ने आरोपी को पकड़ लिया।

**विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान**

## 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा के खिलाफ करेंगे अपील



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 28 दिसंबर को फैसला सुनाया था। इसके बाद हमने बताया कि इन 8 लोगों की मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। हमारी कानूनी टीम के पास कोर्ट का ऑर्डर है। ये गोपनीय ऑर्डर है। हम इतना जरूर कह सकते हैं कि आठों को अलग-अलग अवधि की सजा मिली है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौत की सजा खत्म हो गई है। हमारे पास 60 दिनों का समय है और हम कतर के सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। मामले को लेकर लीगल टीम काम कर रही है। हम कानूनी टीम के संपर्क में हैं।

**विदेश मंत्रालय बोला हम साथ खड़े हैं**

8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को राहत मिलने पर विदेश मंत्रालय ने 28 दिसंबर को कहा था कि हम इनके साथ शुरू से खड़े रहे हैं। मंत्रालय ने कहा था कि हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ कोर्ट में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से उनके साथ खड़े हैं और हम उन्हें सभी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के सामने भी उठाते रहेंगे।

**मामला क्या है?**

कतर में स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी में काम कर रहे आठ भारतीयों को अगस्त में कथित जासूसी के मामले में पकड़ा गया था। फिर इन सभी को 26 अक्टूबर को मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि कतर ने आरोपों को लेकर अधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

### भारत की विद्युत नीति से नेपाल को अधिक आर्थिक फायदा हुआ: पुष्पकमल

# भारत सरकार हमेशा नेपाल संबंधों को देती उच्च प्राथमिकता: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार हमेशा ही नेपाल के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के कारण भी नेपाल भारत की प्राथमिकता में रहता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि नेपाल के साथ जन स्तर से लेकर पौराणिक और आध्यात्मिक संबंध होने के कारण भी भारत के लिए नेपाल एक विशेष स्थान रखता है।

**खास बातें**

- विदेश मंत्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और पीएम से की मुलाकात
- विदेश मंत्री का राष्ट्रपति पौडेल ने किया स्वागत
- प्रचण्ड ने कई परियोजनाओं को शुरू करने की इच्छा व्यक्त की

### द्विपक्षीय संबंध सुदृढ़ करने पर जोर

नेपाल दौरे पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की। राष्ट्रपति पौडेल ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और सुदृढ़ किए जाने पर जोर दिया।



### त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत

नेपाली विदेश मंत्री सउद ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्साल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 2024 के अपने पहले दौरे के लिए नेपाल वापस आकर खुश हूं। अगले दो दिन में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में हुई थी और यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है।

### भारत से साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति तेज

*एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचण्ड से भी शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने बड़े ही गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बता दें कि अपने भारत भ्रमण के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति बढ़ने की जानकारी देते हुए प्रचण्ड ने कहा कि भारत की नई विद्युत नीति के कारण नेपाल को कम समय में ही अपेक्षा से अधिक आर्थिक फायदा हुआ है। प्रचण्ड ने भारत के साथ मिलकर नेपाल की कई बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।*

**विद्युत और पर्यटन विकास के लिए भारत तत्पर**


पीएम प्रचण्ड के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत सरकार का ध्यान सिर्फ समझौते करने में ही नहीं रहता, बल्कि समय पर उसका कार्यान्वयन करना भी उद्देश्य रहता है। जयशंकर ने कहा कि नेपाल के विद्युत और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए भारत हमेशा ही तत्पर रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल के चहुंमुखी विकास के लिए भारत हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

---

**2 घंटे का सफर 35 मिनट में होगा तय**

## समुद्र पुल पर 100 की स्पीड से दौड़ेंगी गाड़ियां

- मुंबई में पीएम मोदी 12 जनवरी को करेंगे उद्घाटन
- पुल की लंबाई 21.8 किमी, 16 .5 किमी समुद्र में ही बना
- प्रोजेक्ट पर 17,843 करोड़ रुपए का खर्चा आया
- 250 से 300 रुपए लग सकता है टोल टैक्स
- पुल पर रोजाना करीब 70 हजार वाहन गुजरेंगे
- पुल के बनने से लाखों लोगों को मिलेगा फायदा



**सर्च ऑपरेशन जारी**

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच साल की पहली मुठभेड़

**जम्मू।** कश्मीर घाटी में साल की पहली मुठभेड़ बुधवार देर रात कुलगाम जिले के आदिगाम में हुई। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर रखा है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस दौरान घर में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों को समर्पण का मौका दिया गया, लेकिन जब वे लगातार फायरिंग करते रहे, तो मुठभेड़ शुरू हो गई। देर रात गोलीबारी रुकने के बाद सुबह एक बार फिर फायरिंग शुरू हुई।



## फिलीपींस से मनप्रीत भारत में फैला रहा था आतंक पाक सीमा से लाता था हथियार, आरोप पत्र में खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनआईए के आरोप पत्र में बड़ा खुलासा हुआ है। देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने फिलीपींस से मनप्रीत सिंह 'पीता' आतंकवादी गैंगस्टर नेटवर्क चला रहा था। वह भारत-पाक बॉर्डर से हथियार जुटाता था, जबकि जबरन वसूली कॉल के माध्यम से धन एकत्रित करता था।

आतंकी गतिविधियों एवं आपराधिक साजिशों को अंजाम देने के लिए 'पीता' ने कई गिरोह खड़े किए थे। वह आतंकियों की भर्ती कर रहा था। एनआईए ने गुरुवार को आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क मामले में अर्श डाला के करीबी सहयोगी मनप्रीत सिंह उर्फ 'पीता' के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।



**अर्श डाला के निर्देशों पर करता था काम**

पीता, खालिस्तान टाइगर फोर्स के संचालक अर्श डाला के निर्देशों पर काम करता था। वह फिलीपींस से ही आतंकी गिरोह चला रहा था। साथ ही भारत-पाक सीमा से हथियार इकट्ठा करता था। इसके अलावा धन जुटाने के लिए वह जबरन वसूली कॉल का सहारा लेता था। भारत सरकार ने फरवरी 2023 में केटीएफ को आतंकवादी संगठन घोषित कर उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। देश में ज्यादा से ज्यादा आतंकी गिरोह खड़े किए जाएं।

---

## सऊदी अरब होगा मालामाल, मक्का में मिला सोने का विशाल भंडार!

### 2022 में चीन ने 375 टन सोना उत्पादित किया

एजेंसी ▶▶ मक्का

सऊदी अरब के मक्का क्षेत्र के अल खुरमा गवर्नरेट में मंसूराह मस्सारा सोने की खदान के दक्षिण में 100 किमी की दूरी पर सोने का भंडार मिला है। माडेन ने साल 2022 में सोने की खोज के लिए एक व्यापक प्रोग्राम लॉन्च किया था। माडेन ने क्षेत्र में ड्रिलिंग के काम को तेज करने की योजना बनाई है।



**चीन टॉप पर**

साल 2022 के आंकड़े के मुताबिक, चीन दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण उत्पादक देश है, जो वैश्विक स्वर्ण उत्पादन का 10% सोना उत्पादित करता है। 2022 में चीन ने 375 टन सोना उत्पादित किया था। इसके बाद रूस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका और घाना जैसे देशों में उत्पादित होता है।

**मॉडल की डेड बॉडी नहीं मिली, सीसीटीवी से खुले कई अहम राज**

## दिव्या पाहुजा की लाश ठिकाने लगाने दिए थे 10 लाख और बीएमडब्ल्यू

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम की रहने वाली मॉडल दिव्या पाहुजा के मर्डर केस की गुत्थी अभी तक सुलझी नहीं है। 2 जनवरी को गुरुग्राम के होटल सिटी प्वाइंट में दिव्या की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने बीएमडब्ल्यू का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार पंजाब के पटियाला में बरामद कर ली है। आरोपी इसी कार में दिव्या की लाश को गुरुग्राम से लेकर गए थे, लेकिन फिलहाल ये कार लॉक है। इस कार को बलराज ले गया था, उसके साथ रवि बांगर भी था। हालांकि जब तक गाड़ी की डिग्गी नहीं खुलेगी, तब तक ये कहना मुश्किल है कि बॉडी कार में है या नहीं।



**झगड़े की वजह**

*आरोप है कि अभिजीत की कुछ अश्लील तस्वीरें दिव्या के मोबाइल में थीं। इन तस्वीरों को लेकर दिव्या आरोपी अभिजीत को ब्लैकमेल करती थी। आरोपी अभिजीत सिंह, दिव्या पाहुजा के साथ इसलिए होटल आया, ताकि उसके फोन से वो अपनी अश्लील फोटो डिलीट करवा सके, लेकिन दिव्या ने फोन का पासवर्ड नहीं बताया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी अभिजीत ने दिव्या की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिजीत ने कहा कि वह दिव्या को करीब 6 लाख रुपए दे चुका था। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया है कि इस वारदात का मुख्य आरोपी अभिजीत, बिंदर गुर्जर के साथ संपर्क में था।*

**कंबल में लपेटकर ले गए थे शव**

अभिजीत ने बताया कि वह नशे में था, उसने 5 बजे दिव्या की हत्या कर दी। मर्डर के बाद जब उसे होश में आया तो उसने अपने अन्य साथियों को बुलाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस रात 9 बजे होटल पहुंची। पुलिस ने अभिजीत का कमरा खंगाला। अभिजीत होटल के रूम नंबर 114 में रुका था। पुलिस ने इसी कमरे की जांच की। लेकिन जांच में कुछ भी नहीं मिला और पुलिस होटल से वापस लौट गई। दरअसल, दिव्या की लाश रूम नंबर 111 में थी। दिव्या का शव रात 10.44 बजे निकाला गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी दिव्या के शव को कंबल में लपेटकर घसीटते हुए ले जाते दिखे। इसे देखकर पुलिस भी दंग रह गई।

**पुलिस को मिले 2 फोन**

पुलिस ने ये भी बताया कि हमें 2 फोन मिल गए हैं। एक अभिजीत का है जबकि दूसरा एक दिव्या का। पुलिस ने होटल मालिक अभिजीत के साथ ही हेमराज और ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। अभिजीत ने कबूल किया कि उसने अपने दो गुर्गों को दिव्या की लाश ठिकाने लगाने के लिए अपनी बीएमडब्ल्यू कार और 10 लाख रुपए दिए थे। अभिजीत और दिव्या तीन महीने से संपर्क में थे और रिलेशशिप में आ गए। इस दौरान दिव्या ने कुछ वीडियो बना लिए थे।




## खबर संक्षेप



### महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 टूर्नामेंट 8 से

**मुंबई।** महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 के पहले टूर्नामेंट का आयोजन यहां आठ से 11 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अनुसार पंजाब लायंस, यूपी वारियर्स, मुंबई स्टार्स, दिल्ली बुल्स, हैदराबाद ईगल्स और बेंगलोर बादशाहाज की टीम 12 मैच की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी जबकि उप विजेता को 50 हजार रुपए मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### आक्रामक रुख अपनागी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम



**नवी मुंबई।** लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने गुरुवार को यहां कहा कि बेहतर स्थिति में होने के दौरान आक्रामक रुख अपनाकर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने में सफल रही है और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी यही रुख कायम रखेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ कभी द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 31 में से 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं जबकि छह मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### टेस्ट श्रृंखला के कम से कम तीन मैच हों: निक



**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने के बाद सभी को सतर्क हो जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट श्रृंखला में कम से कम तीन मैचों का आयोजन करने की वकालत की।

## क्रिकेट : 31 साल बाद मिली जीत, टीम इंडिया ने 7 विकेट से द.अफ्रीका को हराया

# भारत केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने वाला पहला एशियाई देश, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▸▸ केपटाउन

भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत है। केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य भारत ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलाई। जीत के लिए बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा। सिराज ने अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने में मुख्य भूमिका निभाई थी।



### बुमराह ने किया कमाल

बुमराह ने छह विकेट लेने के साथ कई रिकॉर्ड बनाए। वह अफ्रीकी धरती पर तीन बार पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले जवागल श्रीनाथ ने ऐसा किया था। अफ्रीकी धरती पर विकेट लेने के मामले में भी वह मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बुमराह के नाम 38 विकेट हैं। श्रीनाथ 40 विकेट और कुंबले 45 विकेट उनसे आगे हैं।



### डब्लूटीसी अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 4 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 2 | द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | 42 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 6 | पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 22 |
| 7 | वेस्ट इंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 8 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

### रोहित की कप्तानी कौशल का नतीजा

कप्तान रोहित के लिए बतौर कप्तान क्रिकेट के चार बड़े देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट जीतना शानदार है लेकिन इसमें उनके द्वारा लिए गए फैसलों से उनका कप्तानी कौशल दिखाई दिया। मुकेश कुमार (चार विकेट) को शार्दुल ठाकुर के स्थान पर खिलाना अच्छा फैसला रहा। पहले टेस्ट में सेंचुरियन में मिली पारी और 32 रन की हार के बाद गेंदबाजों ने गेंदबाजी करने की आदर्श लेंथ भी जानी। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में जिस तरह पिच के मिजाज को परखा, वह काबिलेतारीफ रहा जो इस बात का उदहारण है कि मौजूदा पीढ़ी करारी हार के बाद भी घुटने नहीं टेकती।



### रोहित ने की धोनी की बराबरी

*रोहित श्रृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सका है।*

### अफ्रीका में भारत की जीत

| साल | जगह | नतीजा |
|---|---|---|
| 2006 | जोहान्सबर्ग | 123 रन से जीता |
| 2010 | डरबन | 87 रन से जीता |
| 2018 | जोहान्सबर्ग | 63 रन से जीता |
| 2021 | सेंचुरियन | 113 रन से जीता |
| 2024 | केपटाउन | 7 विकेट से जीता |

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम का शर्मा बो सिराज | 106 | 103 | 17 | 2 |
| एल्गर का कोहली बो मुकेश | 12 | 28 | 2 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो मुकेश | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो बुमराह | 01 | 14 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का राहुल बो बुमराह | 11 | 12 | 2 | 0 |
| वेरेयने का सिराज बो बुमराह | 09 | 07 | 1 | 0 |
| यानसेन का एवं बो बुमराह | 11 | 09 | 2 | 0 |
| महाराज का अय्यर बो बुमराह | 03 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा का शर्मा बो प्रसिद्ध | 02 | 12 | 0 | 0 |
| नैनड्रे बर्गर नाबाद | 06 | 20 | 1 | 0 |
| एनगिडी का जायसवाल बो बुमराह | 08 | 10 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 36.5 ओवर में 176/10
गेंदबाजी : बुमराह 13.5-0-61-6, सिराज 9-3-31-1, प्रसिद्ध 10-2-56-2, मुकेश 4-1-27-1.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टब्स बो बर्गर | 28 | 23 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 17 | 22 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो रबाडा | 10 | 11 | 2 | 0 |
| कोहली का वेरेयने बो यानसेन | 12 | 11 | 2 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 04 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 12 ओवर में 80/3
गेंदबाजी : रबाडा 6-0-34-1, बर्गर 4-0-29-1, यानसेन 2-0-15-1.

# स्टंपिंग, कन्कशन सब्स्टीट्यूट के नियमों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने किया संशोधन

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खेल की स्थितियों में उल्लेखनीय बदलाव किया है, जिसके अनुसार अंपायर अब निर्णय समीक्षा प्रणाली रेफरल के दौरान विकेट के पीछे कैच पर विचार किए बिना स्टंपिंग के लिए केवल 'साइड ऑन रीप्ले' का आकलन करेंगे।

नियमों में यह संशोधन 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गया है। इसके अनुसार यदि कोई टीम स्टंप आउट की जांच के दौरान विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल लेना चाहती है तो उसे अलग से डीआरएस का विकल्प चुनना होगा।

पिछले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टीम के डीआरएस का उपयोग किए बिना स्टंपिंग के बाद विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल का इस्तेमाल किया था। लेकिन अब नए नियम लागू होने के बाद स्टंपिंग के लिए की गई अपील में केवल साइड ऑन कैमरे की छवि को ही दिखाया जाएगा और अंपायर केवल उसी पर गौर करेंगे। वह इसकी जांच नहीं करेंगे की गेंद बल्ले को छूकर गई है या नहीं।



### कन्कशन के लिए नियम

आईसीसी ने कन्कशन के लिए स्थानापन खिलाड़ी लेने को लेकर भी नियमों को स्पष्ट किया है। अब स्थानापन खिलाड़ी को तभी गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी जबकि मूल खिलाड़ी को गेंदबाजी करते समय 'कन्कशन' के कारण हटना पड़ा हो। विश्व क्रिकेट की संचालन संस्था ने इसके साथ ही मैदान पर चोट के आकलन और उपचार के लिए चार मिनट का समय भी तय कर दिया है।

# वार्नर ने बनाए 34 रन, ऑस्ट्रेलिया और पाक मैच में बारिश का खलल

एजेंसी ▸▸ सिडनी

डेविड वार्नर अपने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 116 रन बनाए। खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन केवल 46 ओवर का खेल ही संभव हो पाया। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अभी उससे 197 रन पीछे है।



जब अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया तब मार्नस लाबुशेन 23 और स्टीव स्मिथ 6 रन पर खेल रहे थे। दूसरे सत्र में पहले खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूधिया रोशनी का प्रकाश था लेकिन इसके बावजूद खेल रोक दिया गया जो दर्शकों को नागवार गुजरा। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस फैसले की आलोचना की। स्टेडियम में मौजूद 25000 दर्शक खेल शुरू होने की उम्मीद में बैठे रहे लेकिन उसके बाद बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया।



### पेरिस सेंट जर्मेन ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी

**पेरिस।** किलियन एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज़ को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। टूलूज़ के पास 18वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक गए। एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की।

# भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच आज

**नवी मुंबई।** इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराया था। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे 3 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के 8 विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई। जहां तक पहले वनडे की बात है तो उसमें गेंदबाज नहीं चल पाए थे। भारतीय टीम ने अंतिम दो वनडे में कम से कम आठ कैच छोड़े थे।

## सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी

# रणजी ट्रॉफी में चमक बिखेरने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां नए खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे वहीं कुछ पुराने खिलाड़ी अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए जीजान लगाएंगे। भारत की टेस्ट टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में खिलाड़ी लगभग तय हैं ऐसे में देश की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिता में कोई असाधारण प्रदर्शन ही चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर पाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में बहुत अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की क्रिकेट में ही व्यस्त रहेंगे जिसमें आईपीएल और जून में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है। रणजी ट्रॉफी में सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेगी जो अभी भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। यह दोनों खिलाड़ी बड़े स्कोर बनाकर अपनी दावेदारी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। रहाणे 41 बार के चैंपियन मुंबई की अगुवाई भी करेंगे। इसी तरह से पिछले सत्र में सर्वाधिक 990 रन बनाने वाले कर्नाटक के मयंक अग्रवाल भी बड़ी पारियां खेल कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।



### युवाओं पर सलेक्टर्स की नजर

कई युवा खिलाड़ी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब है। इनमें मुंबई के सरफराज खान भी शामिल हैं जो पिछले कुछ सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे। तेज गेंदबाजी की 'बेंच स्ट्रेंथ' को मजबूत करने की चर्चा चल रही है। ऐसी परिस्थितियों में कर्नाटक के विद्युत कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार, गुजरात के अर्ज़न नागवासवाला और बंगाल के इशान पोरेल जैसे युवा तेज गेंदबाज अपना प्रभाव छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक स्पिनरों की बात है तो राजस्थान के 21 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुतार पर निगाह टिकी रहेंगी जिन्होंने पिछले सत्र में आठ मैच में 44 विकेट लिए थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930